हिन्दी दैनिक

# तीसरा विकल्प न्यूज़

(लखनऊ से प्रकाशित)



वर्षः- 02, अंकः-260, पृष्ठः-08, मूल्यः- 2 रु.

लखनऊ, बुधवार 05 मार्च 2025

लखनऊ जन विकास महासभा के योग प्रकोष्ठ द्वारा माता...02

पत्रकार एकता एसोसिएशन की मासिक बैठक हुई संपन्न...06

# महाकुंभ में 33 करोड़ महिलाएं आईं पर एक भी अपराधिक घटना नहीं हुई : योगी

### जो कोई नहीं कर सकता, वह भारत ने करके दिखाया

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के सबसे प्रतिष्ठित एक पत्रकार ने अपनी टिप्पणी में कहा कि महाकुम्भ का आयोजन इतने बड़े पैमाने पर करना एक बड़ी हिम्मत का काम था और यह हिम्मत उत्तर प्रदेश सरकार ने दिखाई। यह आयोजन कितना सफल हुआ यह चमत्कार से कम नहीं। जब करोड़ों लोग एक साथ एक जगह पर आते हैं तो रिस्क होता है, महाकुम्भ के इस महा आयोजन ने यह साबित कर दिया है की यदि इच्छा शक्ति हो तो 66 करोड लोगों को मैनेज किया जा सकता है। टेक्नोलॉजी का ठीक से इस्तेमाल किया जाए तो सिक्योरिटी प्रोवाइड की जा सकती है। कम्युनिकेशन स्किल हो तो करोड़ों लोगों के आने-जाने का इंतजाम हो सकता है। लोगों का सहयोग मिले तो रोज लाखों लोगों के खाने का इंतजाम किया जा सकता है।




**लखनऊ, संवाददाता।** बजट सत्र में बोलते हुए सीएम योगी ने सपा पर हमला करते हुए कहा कि आप भारत की आस्था के साथ खिलवाड़ करते हैं। आपने कहा कि हमारी सोच सांप्रदायिक है लेकिन आप हमें बताएं कि हम कैसे सांप्रदायिक हो सकते हैं? हम सबका साथ, सबका विकास की बात करते हैं। 45 दिनों के आयोजन ने भारत की विरासत और विकास की एक अनुपम छाप न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया में छोड़ी है। महाकुंभ का आयोजन हमारे लिए अग्निपरीक्षा थी। इसमें केंद्र और राज्य सरकारें खरी उतरीं। महाकुंभ 33 करोड़ महिलाएं आईं पर एक भी अपराधिक घटना नहीं हुई। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन की गूंज दुनिया में लंबे समय तक सुनाई देगी। ये हमारे सनातन धर्म के लिए गौरव की बात है। ये सिर्फ आध्यात्मिक उपलब्धि नहीं है बल्कि इस आयोजन से हमारी अर्थव्यवस्था को साढ़े तीन लाख करोड़ का लाभ होने की उम्मीद है। सदन में सीएम ने कहा कि बीसी सखी योजना के अन्तर्गत 39,556 बीसी द्वारा 31,103 करोड़ रुपये से अधिक का वित्तीय लेन-देन किया गया व 84.38 करोड़ रुपये का लाभांश अर्जित किया है। लखपति महिला योजना के अन्तर्गत 31 लाख से अधिक दीदियों का चिन्हित किया गया है तथा 02 लाख से अधिक महिलाएं लखपति की श्रेणी में आ चुकी हैं। 24 जनवरी को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान शुरू किया। अब तक 96 हजार युवाओं ने आवेदन किया, जिसमें से 76 हजार आवेदन बैंकों को प्रेषित करते हुए 16 हजार मामलों में ऋण स्वीकृत हो चुका है। अब तक 06 हजार ऋण वितरित किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 नए आस्था के कॉरिडोर प्रयागराज महाकुम्भ में बने हैं और उसका लाभ पूरे प्रदेश में मिला और इन पांच कॉरिडोर में प्रयागराज से मां विंध्यवासिनी धाम और काशी के लिए एक, प्रयागराज से अयोध्या और गोरखपुर के लिए दो, प्रयागराज से श्रंग्वेरपुर और लखनऊ-नैमिषारण्य के लिए तीन, प्रयागराज से लालापुर, राजापुर और चित्रकूट का चौथा और प्रयागराज से मथुरा-वृंदावन और शुकतीर्थ का पांचवां कॉरिडोर है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे थे। उन्होंने कहा कि नाविकों के शोषण को लेकर भी आपने चर्चा की। आपका कहना है कि हमने उनकी देखभाल नहीं की। मैं एक नाविक परिवार की एक सक्सेस स्टोरी यहां बता रहा हूं। एक नाविक परिवार जिनके पास 130 नौकाएं थीं, 45 दिनों की अवधि में इन लोगों ने शुद्ध बचत की है 30 करोड रुपए की। यानी एक नाव ने 45 दिनों में 23 लाख रुपए की कमाई की है।

### आर्थिक रूप से भी सफल रहा महाकुंभ

मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ के आर्थिक पक्ष की भी चर्चा करते हुए कहा कि 2019 में काशी विश्वनाथ धाम और 2020 में राम मंदिर के बाद प्रयागराज महाकुम्भ इसके चरम उत्कर्ष रूप के रूप में देश और दुनिया के सामने आया है। विरासत और विकास के साथ आस्था को आर्थिकी के साथ कैसे जोड़ा जा सकता है, इसके कुछ उदाहरण भी हैं। जिसमें कैट ने स्वयं कहा है कि महाकुम्भ में लगभग 3 लाख करोड़ से ज्यादा का व्यापार हुआ है। महाकुम्भ 2025 प्रदेश की अर्थव्यवस्था को साढे तीन लाख करोड रुपए के लाभ का अनुमान है।

## हमारी सोच सांप्रदायिक नहीं, जो हमारा है हमें मिल जाना चाहिए, सपा को नहीं है राम-कृष्ण पर विश्वास : योगी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश 2025-26 के सामान्य बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विधानसभा में शुरुआत से ही समाजवादी पार्टी पर करारा हमला किया है। उन्होंने साफ कहा कि समाजवादी पार्टी डॉ राम मनोहर लोहिया का नाम तो लेती है, लेकिन वह उनके मूल्यों और आदर्शों से दूर जा चुकी है। आज की समाजवादी पार्टी न डॉ लोहिया के बताए आचरण के अनुरूप कार्य कर रही है और न ही उनके बताए आदर्शों पर चल रही है। उन्होंने उपचुनावों पर समाजवादी पार्टी के आरोपों पर भी करारा हमला करते हुए कहा कि दूसरों को उपदेश देने के बजाए स्वयं इन बातों को अपने आचरण में उतारा होता तो संभवत इतनी करारी हार नहीं होती और 2027 में भी इतनी करारी हार झेलने के लिए मजबूर न होना पड़ता। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सामान्य बजट 2025-26 में भाग लेने के लिए सभी सदस्यों का हृदय से आभार भी जताया। उन्होंने कहा कि अब तक कुल 93 सदस्यों में इस चर्चा में भाग लिया है।

## आठ साल से यूपी में नहीं लगा कोई नया कर, पिछले साल का बजट श्रीराम को था समर्पित : योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में पिछले 8 वर्षों में एक निश्चित थीम के साथ बजट प्रस्तुत किया गया। इसमें वर्ष 2017-18 का बजट अन्नदाता किसानों, वर्ष 2018-19 का बजट इन्फ्रास्ट्रक्चर तथा औद्योगिक विकास, वर्ष 2019-20 का बजट महिला सशक्तिकरण, वर्ष 2020-21 का बजट युवाओं तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास, वर्ष 2021-22 का बजट स्वावलम्बन से सशक्तिकरण की थीम पर केन्द्रित था। वहीं वित्तीय वर्ष 2022-23 का बजट अन्त्योदय से आत्मनिर्भरता का बजट था। इसी तरह वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट प्रदेश के त्वरित, सर्वसमावेशी और समग्र विकास के साथ-साथ आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की नींव को सुदृढ़ करने वाला था। वर्ष 2024-25 का बजट प्रभु श्री राम को अर्पित था। यह बजट लोकमंगल को समर्पित था। सीएम योगी ने कहा कि वित्तीय वर्तमान वर्ष 2025-26 का बजट सनातन संस्कृति की सर्वे भवन्तु सुखिनः की अवधारणा के अनुरूप गरीब, अन्नदाता किसान, युवा और महिला उत्थान को समर्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विज़न को साकार करते हुए वंचित को वरीयता इस बजट का केंद्रीय भाव है। बजट से अंत्योदय से उन्नत अर्थव्यवस्था तक, ईज ऑफ़ लिविंग से ईज़ ऑफ़ डूइंग बिजनेस तक, कृषि से गरीब कल्याण तक, आस्था से आजीविका तक, शिक्षा से स्वावलम्बन तक, संस्कृति से समृद्धि तक और महिला सशक्तिकरण के संकल्प को समवेत करते हुए एक विकसित उत्तर प्रदेश की राह मजबूत होगी।

# अधिकारियों की नीति और कार्यों का उद्देश्य सभी का विकास होना चाहिए : द्रौपदी मुर्मु



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अधिकारियों से कहा है कि डेटा-संचालित प्रणालियाँ दक्षता बढ़ा सकती हैं लेकिन वे सहानुभूति और अखंडता की जगह नहीं ले सकती इसीलिए उनकी नीतियों और कार्यों का उद्देश्य सभी के विकास, विशेष रूप से वंचित और कमजोर वर्गों का विकास होना चाहिए। श्रीमती मुर्मु ने मंगलवार को यहां राष्ट्रपति भवन में भारतीय राजस्व सेवा के 78वें बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारियों के रूप में वह यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे कि इस आवश्यक संसाधन को निष्पक्ष, प्रभावी और पारदर्शी तरीके से एकत्र किया जाए। उन्होंने कहा कि देश में बुनियादी ढांचा बढ़ रहा है, डिजिटल कनेक्टिविटी अंतराल को पाट रही है और आर्थिक अवसर पहले से कहीं अधिक सुलभ हैं। विकास को टिकाऊ और समावेशी बनाने के लिए, संसाधनों का प्रबंधन दक्षता तथा निष्पक्षता के साथ किया जाना चाहिए और नागरिकों को सिस्टम पर भरोसा करना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उनकी यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका है कि सभी अपनी वैध क्षमता के अनुसार योगदान दे और लोगों के साथ सम्मान के साथ व्यवहार किया जाए। राष्ट्रपति ने कहा कि बदलते समय, बढ़ती अपेक्षाओं और सरकारी पहलों ने अधिक दक्षता, पारदर्शिता और सुविधा के एक नए युग की शुरुआत की है। डिजिटल तकनीक इस बदलाव के मूल में है। उन्होंने इस बात पर खुशी व्यक्त की कि आयकर विभाग सटीकता के साथ विसंगतियों का पता लगाने के लिए उन्नत डेटा एनालिटिक्स का उपयोग करता है।

### सफलता का मूलमंत्र है 'राष्ट्र सर्वोपरि' की भावना : वैष्णव

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) के कुलाधिपति और केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि नए अवसरों के साथ उतार-चढ़ाव आते हैं, लेकिन हमेशा याद रखें 'राष्ट्र सर्वोपरि' की भावना ही सफलता का मूलमंत्र है। श्री वैष्णव ने आईआईएमसी के 56वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए इस आशय की बात कही। समारोह के मुख्य अतिथि के तौर विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को उद्यमशील बनने के लिए प्रेरित किया और कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में मीडिया उद्यम स्थापित करने की क्षमता है। आप 400 विद्यार्थी देश में 400 नई कंपनियां खोल सकते हैं। श्री वैष्णव ने आज के विकसित होते संचार परिदृश्य में डिजिटल प्रगति और मीडिया की बढ़ती जिम्मेदारियों पर जोर दिया और विद्यार्थियों से अपनी स्किल्स को अपडेट करते रहने का आह्वान भी किया।

# प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, एमएसएमई भारत के विनिर्माण और औद्योगिक विकास का आधार



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को भारत के विनिर्माण और औद्योगिक विकास का आधार बताते हुये आज कहा कि वर्ष 2020 में सरकार ने 14 वर्षों के बाद एमएसएमई की परिभाषा को संशोधित करने का एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया, जिससे एमएसएमई का यह भय समाप्त हो गया कि यदि वे अपने क्षेत्र का विस्तार करेंगे तो सरकारी लाभ खो देंगे। प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बजट पश्चात वेबिनार को संबोधित किया। ये वेबिनार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को विकास का इंजन बनाने, विनिर्माण, निर्यात और परमाणु ऊर्जा मिशन, विनियामक, निवेश और व्यापार करने में आसानी जैसे विषयों पर आयोजित किए गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि विनिर्माण और निर्यात पर बजट पश्चात वेबिनार बहुत महत्वपूर्ण हैं। इस बजट को सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट बताते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस बजट का सबसे उल्लेखनीय पहलू इसके अपेक्षित परिणाम है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने कई क्षेत्रों में विशेषज्ञों की अपेक्षा से कहीं बढ़कर कदम उठाए हैं और इस बजट में विनिर्माण और निर्यात के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि देश में एमएसएमई की संख्या बढ़कर 6 करोड़ से अधिक हो गई है, जिससे करोड़ों लोगों को रोजगार के अवसर मिले हैं। इस बजट में एमएसएमई की परिभाषा को और अधिक विस्तारित किया गया है ताकि उनके निरंतर विकास में विश्वास पैदा हो सके। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं के लिए रोजगार के अधिक अवसर पैदा होंगे, उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि एमएसएमई के सामने सबसे बड़ी समस्या ऋण प्राप्त करने में कठिनाई थी।

### दिल्ली के डीआरएम को हटाया गया

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी के नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी की रात को हुई भगदड़ की घटना के 17 दिन बाद भारतीय रेलवे ने कड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) सुखविंदर सिंह को आज उनके पद से हटा दिया। रेलवे बोर्ड ने आज जारी एक आदेश में भारतीय रेलवे इलैक्टिक इंजीनियरिंग सेवा के अधिकारी पुष्पेश आर त्रिपाठी को दिल्ली का नया डीआरएम नियुक्ति किया है और श्री सुखविंदर सिंह (भारतीय रेलवे इलैक्टिक इंजीनियरिंग सेवा) की फिलहाल कोई नियुक्ति नहीं की गयी है और उन्हें प्रतीक्षारत रखा गया है। श्री त्रिपाठी इस समय उत्तर मध्य रेलवे में प्रयागराज में मुख्य इलैक्ट्रिक लोको इंजीनियर के पद पर नियुक्त हैं। उल्लेखनीय है कि शनिवार 15 फरवरी की रात करीब साढ़े नौ बजे हुई इस दुर्घटना की उच्चस्तरीय जांच के लिए दो सदस्यीय कमेटी गठित की गयी थी।

### दिल्ली की भाजपा सरकार ने जनता को निराश किया

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए मंगलवार को कहा कि उम्मीद थी कि भाजपा सरकार गठन के बाद राष्ट्रीय राजधानी की जनता से किये गये वादों को लेकर घोषणाएं करेंगी, लेकिन विधानसभा सत्र के खत्म होने के बाद लोगों को सिर्फ निराशा हाथ लगी है। श्री यादव ने आज यहां कहा कि केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार से त्रस्त होकर लोगों ने भाजपा को बड़ी उम्मीद के साथ बहुमत दिया था। उन्होंने कहा कि लोगों की उम्मीद थी कि सरकार बनने के पर भाजपा नेता केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार को लेकर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की सभी 14 रिपोर्टों को विधानसभा पटल पर रखेगी और अपने वादे को लेकर घोषणाएं करेंगी, लेकिन विधानसभा सत्र खत्म होने के बाद जनता को सिर्फ निराशा हाथ लगी है।

# राज्य सरकारें सस्ता इलाज देने में नाकाम : सुप्रीम कोर्ट

**इससे प्राइवेट अस्पतालों को बढ़ावा मिला, केंद्र सरकार जरूरी गाइडलाइन बनाए**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा, राज्य सरकारें किफायती चिकित्सा और बुनियादी ढांचा देने में नाकाम रही हैं। इससे प्राइवेट अस्पतालों को बढ़ावा मिल रहा है। इसे रोकने के लिए केंद्र सरकार को गाइडलाइन बनानी चाहिए। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका लगाई गई थी, जिसमें कहा गया था कि प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों और उनके परिवारों को अस्पताल की फार्मेसी से महंगी दवाएं और मेडिकल इक्विपमेंट खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है। इसलिए ऐसे अस्पतालों पर नकेल कसी जाए। इसे रोकने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को आदेश दिया जाए। जस्टिस सूर्यकांत और एनके सिंह की बेंच ने इस पर सुनवाई की। केंद्र सरकार ने अपने जवाब में कहा कि मरीजों को अस्पताल की फार्मेसी से दवा खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जाता है। इस पर कोर्ट ने कहा कि यह जरूरी है कि राज्य सरकारें अपने अस्पतालों में दवाएं और मेडिकल सेवाएं सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराएं ताकि मरीजों का शोषण न हो। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, हम याचिकाकर्ता की बात से सहमत हैं, लेकिन इसे कैसे नियंत्रित करें? कोर्ट ने राज्य सरकारों से कहा कि वे प्राइवेट अस्पतालों को कंट्रोल करें, जो मरीजों को अस्पताल की दुकान से दवाई खरीदने के लिए मजबूर करते हैं। खासकर वे दवाइयां जो किसी और जगह सस्ते में मिल जाती हैं। कोर्ट ने केंद्र सरकार को गाइडलाइन बनाने को कहा, जिससे प्राइवेट अस्पताल आम लोगों का शोषण न कर सकें। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सभी राज्यों को नोटिस भेजा था। ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान समेत कई राज्यों ने जवाब दाखिल किए थे। दवाइयों की कीमतों के मुद्दे पर राज्यों ने कहा कि वे केंद्र सरकार के प्राइस कंट्रोल ऑर्डर पर निर्भर हैं।

### 'आप' ने भाजपा को याद दिलाई महिलाओं को 2500 रुपए देने की गारंटी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप)ने दिल्ली की महिलाओं को आठ मार्च तक 2500 रुपए देने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को मंगलवार को याद दिलाई। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष आतिशी के नेतृत्व में आज महिलाएं हाथों में 'बस चार दिन और' लिखा प्लेकार्ड लेकर मंडी हाउस पहुंचीं और भाजपा से पूछा कि आठ मार्च में अब चार दिन और शेष हैं, उनके खाते में 2500 रुपए कब आएंगे? इस दौरान सुश्री आतिशी ने कहा, श्री प्रधानमंत्री कहा था कि आठ मार्च को दिल्ली की महिलाओं के खाते में 2500 रुपए की पहली किस्त आएगी। आज चार मार्च है। आठ मार्च में अब सिर्फ चार दिन और बचे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की महिलाएं इंतजार कर रही हैं कि आठ मार्च को उनके खाते में 2500 रुपए की पहली किश्त आ जाएगी।

# चुनाव आयोग के प्रतिनिधियों को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बैठकें करने के निर्देश




**नयी दिल्ली, एजेंसी।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने आयोग के अधिकारियों को राजनीतिक दलों के लिए सुलभ और उत्तरदायी होने का निर्देश देते हुए सभी वैधानिक स्तरों पर सभी दलों की बैठकें नियमित रूप से आयोजित करने तथा 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों का संविधान के अनुसार मतदाता सूची में पंजीकरण सुनिश्चित करने को कहा है। इस तरह के निर्देश का उद्येश्य जानी चाहिए ताकि निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) या जिला चुनाव अधिकारी ( डीईओ ) या मुख्य चुनाव अधिकारी ( सीईओ)जैसे सभी सक्षम प्राधिकारियों द्वारा मौजूदा वैधानिक ढांचे में किसी भी मुद्दे को हल तत्परता से किया जा सके। आयोग की मंगलवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रत्येक सीईओ द्वारा विषय संबंधित की गई कार्रवाई की रिपोर्ट 31 मार्च, 2025 तक उनके संबंधित डीईसी को प्रस्तुत की जानी है। निर्वाचन आयोग ने आज राजधानी में सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों का दो दिवसीय सम्मेलन शुरू किया। श्री ज्ञानेश कुमार के मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के रूप में कार्यभार संभालने के बाद से यह पहला ऐसा सम्मेलन है। श्री कुमार और निर्वाचन आयुक्त (ईसी) डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी ने सीईओ के साथ चुनाव प्रबंधन संबंधी कई विषयों पर बातचीत की। विज्ञप्ति के मुताबिक मुख्य चुनाव आयुक्त कुमार ने अपने संबोधन में देश भर के सभी सीईओ, डीईओ, ईआरओ, बीएलओ सहित सभी अधिकारियों से पारदर्शी तरीके से काम करने और सभी वैधानिक दायित्वों को पूरी लगन से पूरा करने और समय-समय पर ईसीआई द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भारत के सभी नागरिक जो 18 वर्ष से अधिक आयु के हैं।

# आंतरिक और बाहरी सुरक्षा से निपटने वाली सुरक्षा एजेन्सियों के बीच परस्पर सहयोग जरूरी :राजनाथ



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि सुरक्षा से संबंधित मौजूदा जटिल परिदृश्य की चुनौतियों को देखते हुए आंतरिक और बाहरी सुरक्षा से निपटने वाली सुरक्षा एजेन्सियों के बीच परस्पर सहयोग और तालमेल बेहद जरूरी है। श्री सिंह ने मंगलवार को यहां आंतरिक सुरक्षा के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी पर गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा , आंतरिक सुरक्षा और बाह्य सुरक्षा दोनों अलग-अलग नहीं है। इन दोनों को अलग-अलग करके, नहीं देखा जा सकता है। ये एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। उन्होंने कहा कि जरूरी यह है कि आंतरिक और बाह्य चुनौतियों के बदलते स्वरूप को देखते हुए हम सुरक्षा नीतियों को भी उसी प्रकार से ढालें। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि उपलब्ध संसाधनों का अधिक से अधिक इस्तेमाल किया जाये और संस्थाएं अकेले नहीं बल्कि एक दूसरे के साथ सहयोग के दृष्टिकोण से काम करें। उन्होंने कहा कि अभी हाइब्रिड वारफेयर, साइबर और अंतरिक्ष आधारित चुनौतियों जैसे गैर पारंपरिक खतरे सामने आ रहे हैं।

### राम की नगरी से ससुराल तक ट्रेन चलाने का रास्ता साफ

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारत और नेपाल ने अयोध्या से जनकपुर के बीच सीधी यात्री ट्रेन चलाने और रक्सौल से काठमांडू तक रेल लाइन बिछाने की कार्य योजना तैयार कर ली है। गत सप्ताह 27-28 फरवरी को यहां भारत और नेपाल ने नौं वीं परियोजना संचालन समिति (पीएससी) और सातवीं संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की बैठकें आयोजित कीं और सीमा पार रेलवे लिंक की परियोजनाओं के कार्यान्वयन की तैयारी और रेलवे क्षेत्र में समग्र द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की। विदेश मंत्रालय ने आज यहां बताया कि भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (डीपीए-3) रोहित रतीश।

# संभल की जामा मस्जिद अब विवादित ढांचा कहलाएगी

**हिंदू पक्ष ने कहा- ये मस्जिद कहेंगे तो हम मंदिर, तब इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आदेश दिया**



**प्रयागराज, संवाददाता।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई के दौरान संभल की शाही जामा मस्जिद को विवादित ढांचा लिखवाया। कोर्ट में मस्जिद की रंगाई-पुताई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई चल रही थी। हिंदू पक्ष के वकील हरिशंकर जैन ने कहा- ये (मुस्लिम पक्ष) मस्जिद कहेंगे तो हम मंदिर कहेंगे, राम मंदिर के केस में भी उसे (बाबरी मस्जिद) विवादित ढांचा ही कहा जाता था। इसके बाद जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल ने स्टेनो से विवादित ढांचा शब्द लिखने को कहा। अब इलाहाबाद हाईकोर्ट मस्जिद कमेटी की अर्जी पर 10 मार्च को सुनवाई करेगा। सुनवाई के दौरान एएसआई की रिपोर्ट पर मस्जिद कमेटी ने आपत्ति दर्ज कराई।

एएसआई ने मस्जिद कमेटी की आपत्ति पर जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। जिसके बाद कोर्ट ने एएसआई को जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया है। मस्जिद कमेटी का कहना है कि मस्जिद की साफ-सफाई शुरू हो गई है, लेकिन नमाज के लिए सफेदी की भी इजाजत दी जाए।

### मुस्लिम पक्ष की मौजूदगी में निरीक्षण

28 फरवरी की शाम एएसआई टीम ने जामा मस्जिद का सर्वे किया। साथ में मुस्लिम पक्ष के वकील जफर अली भी थे। एएसआई के वकील मनोज कुमार सिंह ने कहा- मस्जिद के मुतवल्ली की मौजूदगी में निरीक्षण किया गया। मस्जिद के अंदरूनी हिस्से को गोल्डन, लाल, हरे और पीले जैसे तेज रंगों के साथ मोटी परतों में पेंट किया गया है, जो स्मारक की मूल सतह को छुपा रहा था।

# लखनऊ जन विकास महासभा के योग प्रकोष्ठ द्वारा माता चंडिका देवी के दर्शन एवं बाटी चोखे कार्यक्रम का आयोजन संपन्न





**तीसरा विकल्प न्यूज़ ब्यूरो**

लखनऊ । जन विकास महासभा के योग प्रकोष्ठ की टीम परम आदरणीय डॉक्टर एम एस यादव जी एवं कपिल ऋषिमुनि जी के द्वारा आयोजित किए गए माता रानी चंद्रिका देवी के दर्शन का कार्यक्रम एवं सीतापुर रोड पर छठे मिल के सामने से जाने वाली ग्राम रैठा रोड पर ग्राम बसावन के पुरवा में बाटी, चोखा, दाल, चावल, अचार एवं मिष्ठान का आयोजन डॉ एम एस यादव एवं कपिल ऋषिमुनि के बचपन के आंगन में जहां पर कपिल जी का बचपन, रैठा रोड पर महेंद्र सिंह के फार्म हाउस पर बीता वहीं पर बहुत दूर तक फैले हुए आम के बगीचे में उपरोक्त कार्यक्रम का आनंद लेते हुए सभी योग साधकों ने बारी बारी से सुंदर-सुंदर भजन, गाने, चुटकुले एवं यादगार कहानी के माध्यम से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया बच्चों ने भी अपने सुंदर-सुंदर कविताओं से एवं गानों से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया । माता गंगा त्रिवेणी, कुंभ के जल को मास्टर साहब राममिलन की अनुकम्पा से लाए गए पात्र में जल से, जल स्नान का आनंद, इस आशय से लिया गया कि जो लोग कुंभ के स्नान का लाभ नहीं ले पाए हो वो कुंभ स्नान का आनंद यही पर योग गुरु श्री विजयकांत श्रीवास्तव जी के मंत्र उच्चारण के माध्यम से लिया गया । इस अवसर पर परम आदरणीय नवयुवक योग साधक, आर पी गुप्ता ने सबसे ज्यादा आकर्षक फूलों के गुलदस्ते से सभी योग साधकों का समय-समय पर सम्मान करके योग साधको को ऊर्जा वान बनाते बनाते अपने बचपन के मित्र मटरू की पत्नी के माध्यम से भी जबरदस्त यादगार कहानी का भी वर्णन करते हुए सभी लोगों को हंसने पर मजबूर कर दिया, जिससे सभी लोग हंसते-हंसते वहीं पर लगभग आधे घंटे तक आनंदित होकर लोटपोट होते रहे । कार्यक्रम में आए हुए सभी लोगों ने अपने-अपने परिवार के साथ और अपने इष्ट मित्रों के साथ जगह-जगह पर पूरे बाग में घूम घूम कर अपनी सुविधा अनुसार आम के पेड़ों पर एवं बौर के साथ में फोटोग्राफी का भरपूर आनंद लिया । बाटी चोखे को बनाए जाने का कार्यक्रम महेंद्र सिंह जी के माली जी के द्वारा किया गया, जिसको की सभी योग साथियों के द्वारा माली जी को सम्मानित करने का भी कार्यक्रम किया गया । उपरोक्त अवसर पर कार्यक्रम में आए हुए परम आदरणीय योग गुरु विजयकांत श्रीवास्तव एवं उनकी पत्नी मीनू श्रीवास्तव, परम आदरणीय आर पी गुप्ता एवं उनकी पत्नी पियूष गुप्ता वा बेटी अन्नू, दामाद अभिषेक एवं नातिन कु. अरना, कीर्ति श्रीवास्तव एवं उनके पति संजीव श्रीवास्तव, प्रीति अग्रवाल एवं उनके पति शोभित अग्रवाल, आदरणीय श्री राम मिलन, आदरणीय नरेंद्र तिवारी एवं उनकी धर्म पत्नी नीता तिवारी एवं नरेंद्र तिवारी की भाभी मिथिलेश तिवारी जी, आदरणीय विपिन गुप्ता बच्चे रिद्धि एवं सिद्ध श्री नितिन गुप्ता एवं कपिल गुप्ता एवं उनके पत्नी प्रज्ञा गुप्ता जी व बेटी एवं पूरे गुप्ता परिवार नानी जी सहित, डी सी गुप्ता एवं उनकी पत्नी रानी गुप्ता, परम आदरणीय राम तिवारी, आदरणीया माया विश्वकर्मा, हास्य कवि शांति स्वरूप शुक्ला एवं उनकी पत्नी रेनू शुक्ल जी व उनका बेटा अविका शुक्ला, सौरभ सिंह एवं उनकी पत्नी भावना सिंह, ममता श्रीवास्तव एवं उनके पति श्री अशोक कुमार श्रीवास्तव, दिनेश यादव एवं उनका परिवार, मनोज गुप्ता सहित उपरोक्त सभी लोगों ने उपरोक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अतुलनीय योगदान दिया है इसी के साथ-साथ लखनऊ जन विकास महासभा योग प्रकोष्ठ के संरक्षक संतोष तिवारी द्वारा आदरणीय कपिल गुप्ता एवं उनकी धर्म पत्नी प्रज्ञा गुप्ता सहित उनके पूरे गुप्ता परिवार को तथा डॉक्टर एम यादव एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ विनीता यादव जी सहित इन दोनों योग परिवारों को अपना साधुवाद देते हुए बताया कि आप दोनों योग परिवारों ने इतने कम समय में इतना सुंदर आयोजन करके सभी लोगों का मन मोह लिया, इतने सुंदर ढंग से कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए दोनों गुप्ता परिवार और डॉक्टर यादव के परिवारों की जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम ही होगी

## होली और रमजान भाईचारे और सद्भाव के पर्व

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता गाजीपुर**



सादात। होली और रमजान के त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए सादात थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। नवागत थानाध्यक्ष राजीव कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित शांति समिति की बैठक में क्षेत्र के धर्मगुरु, मौलवी, पुरोहित और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। थानाध्यक्ष ने सभी से त्योहार शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि होली रंगों का त्योहार है, इसे आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। अफवाहों पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार गश्त करने का आश्वासन दिया। असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। कहा कि होली और रमजान भाईचारे और सद्भाव के पर्व है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक सुरक्षित और निर्भय होकर त्योहार मना सके, यह पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील किया। साथ ही सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान वार्ड सभासद और मुस्लिम समुदाय के लोगों सहित गणमान्यजन मौजूद रहे।

## संविदा कर्मी की मौत के बाद भी लापरवाह बना अवर अभियंता



**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता गाजीपुर**

गाजीपुर। विद्युत वितरण खण्ड चतुर्थ जमानिया के अंतर्गत उपकेंद्र भदौरा एवं सेवराई के अवर अभियंता अपने संविदा कर्मियों को लेकर लापरवाह बने हुए हैं। अभी हाल ही विद्युत दुर्घटना में उपकेंद्र करीमुद्दीनपुर के सहायक लाइनमैन देवेंद्र राय की विद्युत स्पर्धा से दर्दनाक मौत हो गई थी। जिसमें मौके पर जेई, एई, अधिशासी अभियंता के ऊपर कठोरतम कार्यवाही हुई थी वहीं सहायक एसएसओ को कार्य से बर्खास्त किया गया था। मगर इतनी बड़ी घटना घट जाने के बाद भी उपकेंद्र भदौरा के अवर अभियंता शशिकांत पटेल संविदा कर्मियों के मौत का सौदागर बने हुवे है। अगर सुरक्षा कीट की बात की जाय तो सभी जगह सुरक्षा कीट भी दे दिया गया है परंतु इन अवर अभियंता की लापरवाही सामने बार बार आ रही है। अगर उपकेंद्र सेवराई और भदौरा की बात करे तो इस उपकेंद्र पर बहुत लोग अपने पिता के नाम पर संविदा में नौकरी कर रहे है वही कुछ लोगों से प्राइवेट तरीके से पोल पर चढ़ाकर कार्य करवाया जा रहा है और कंपनी में ऐसे लोगों का नाम रजिस्टर्ड नहीं है और ना ही संविदा कर्मी है अगर इन लोगो का कार्य करते समय एक्सीडेंट होता है तो जिम्मेदारी किसकी होगी।

## हिंदुस्तान पवार ने असम सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर किया हस्ताक्षर

**तीसरा विकल्प न्यूज़ पंकज नाथ**




असम। असम सरकार के साथ हाल ही में संपन्न %एडवांटेज असम 2.0% में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने के बाद, हिंदुस्तान पावर ने असम में अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं में 620 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है। उद्योग निकाय ने कहा कि उद्यम असम के अक्षय ऊर्जा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से 100 मेगावाट सौर ऊर्जा स्टेशनों और अत्याधुनिक 100 मेगावाट बैटरी पावर स्टोरेज सिस्टम विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। इसके अलावा सौर परियोजना के लिए 500 करोड़ रुपये और बैटरी भंडारण के लिए 120 करोड़ रुपये रखे गए हैं। कंपनी द्वारा दिए गए एक बयान के अनुसार, असम सरकार के सहयोग से शुरू की गई परियोजनाएं राज्य में ऊर्जा की स्थिति को बढ़ाएंगी और 5,000 से अधिक नौकरियां पैदा करेंगी। असम सरकार को उम्मीद है कि हिन्दुस्तान पावर द्वारा हाल ही में किया गया निवेश पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर राज्य की निर्भरता को कम करने और भविष्य की ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को अपनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## ओबी डंप के दौरान घायल की मौत , मुवावजा पर हुआ समझोता



**तीसरा विकल्प न्यूज़ ब्यूरो**

घनुडीह /धनबाद। बेलधोड़ा गोल्डन पहाड़ी के रहने वाले राजकुमार भारती ओबी डंप के पत्थर के चपेट में आने से घायल हो गए थे उनको इलाज के लिए एसएनएमसीएच धनबाद ले जाया गया था रात में ही उनकी मृत्यु हो गयी, आज मंगलवार को धनबाद में ही मुआवजे की मांग को लेकर एटी देवप्रभा प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह , एरिया नंबर 10 के परियोजना पदाधिकारी संजीव कश्यप व मैनेजर अजय विश्वकर्मा परिवार की ओर से भाई प्रमोद भारती व समाजसेवियों के बीच वार्ता हुई जिसमें 8 लाख रुपए मुआवजा और मृतक व्यक्ति को ले जाने के लिए गाड़ी का खर्च देने पर सहमति बनी, आज शाम हो जाने के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो पाया है कल बुधवार को पोस्टमार्टम किया जाएगा, उसके बाद अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव में होगा, परिवार की ओर से किसी पर भी मुकदमा नहीं किया गया है। वार्ता में आउटसोर्सिंग कंपनी प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह , बीसीसीएल के पीओ संजीव कश्यप, मैनेजर अजय विश्वकर्मा, सत्येंद्र गुप्ता, आलोक राज, भोला भारती, योगेंद्र भारती, प्रमोद भारती आदि शामिल थे।

## एबीवीपी कार्यकर्ताओ ने डीएम को सौंपा 18 सूत्रीय मांग पत्र

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता गाजीपुर**

गाजीपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को जिले भर में व्याप्त शैक्षणिक एवं सामाजिक समस्या से संबंधित 18 सूत्री मांग पत्र सौपा। एबीवीपी उस मांग पत्र को प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री को भी प्रेषित किया। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता जिला में भ्रमण के दौरान वर्तमान में चल रहे उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड 2025 के परीक्षा के दौरान कई कमियां पाई गई। सीसीटीवी नही चल रहा है,नकल कराया जा रहा है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बृजेश सिंह ने कहा की वर्तमान में जिले में अधिक संख्या में बिना रजिस्ट्रेशन एवम मानक के कोचिंग संस्थान चलाए जा रहे है और सरकारी शिक्षक स्वयं कोचिंग सेंटर चला रहे है।एक ही बिल्डिंग में कई मान्यता लेकर संचालित की जा रही है। प्रदेश कार्यकारणी सदस्य प्रभात ने कहा की जिले में बिना रजिस्ट्रेशन के अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी सेंटर,एवम् बिना मानक पूरा किए हॉस्पिटल चलाए जा रहे।प्रदेश कार्यकारणी सदस्य ईशान पॉल ने कहा की पंद्रह दिनों के अंदर प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती है तो एबीवीपी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## 05 मार्च को जिला मुख्यालय पर कांग्रेस करेगी प्रदर्शन

**तीसरा विकल्प न्यूज़ कन्हैया सिंह**



जमुई पटना। जिला कांग्रेस कमिटी 05 मार्च को 12 सूत्री मांगों के समर्थन में जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करेगी और राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपेगी। प्रदर्शन की तैयारी जारी है। वरिष्ठ कांग्रेसी सुबोध कुमार मंडल ने बताया कि बिहार की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। अफसरशाही के चलते आमजनों का जीना दूभर हो गया है। भ्रष्टाचार की छद्म 卐 जीरो टॉलरेंस 卐 की नीति हाथी का दांत साबित हो रहा है तो दूसरी ओर जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी का गठजोड़ 卐 नीरो 卐 की भांति चैन की वंशी बजा रहे हैं। कुल मिलाकर हालिया स्थिति काफी भयावह , त्रासद और कष्टकारक है। श्री मंडल ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के चलते बड़े पूंजीपतियों का ऋण माफ हो रहा है और किसानों को कुर्की का नोटिस थमाया जा रहा है। उन्होंने दिवंगत मुख्यमंत्री चंद्रशेखर सिंह की समाधि स्थल को सरकारी स्मारक का दर्जा दिए जाने के साथ झाझा को अनुमंडल बनाए जाने की मांग की। बलियाडीह की घटना की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और चकाई में इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना कराना सुनिश्चित करें। वरनार जलाशय योजना का काम शीघ्र चालू कराया जाए ताकि किसानों को सिंचाई की सुविधा मिल सके। मांगोबंदर को प्रखंड बनाया जाए। सिकंदरा में रजिस्ट्री कचहरी की स्थापना की जाए साथ ही अपर किऊल जलाशय योजना के तहत विस्थापित 456 परिवारों की समस्या का त्वरित निदान किया जाना चाहिए। कांग्रेसी नेता ने जिलावासियों से गुजारिश करते हुए कहा कि भारी संख्या में 05 मार्च को जमुई आकर प्रदर्शन को सफल बनावें। उधर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह , पूर्व अध्यक्ष शिव किशोर सिंह उर्फ महेश जी , नरेश सिंह , दिवाकर सिंह , उदयकांत झा आदि पार्टी जन जिला का सघन दौरा कर लोगों से संपर्क कर रहे हैं और उन्हें 05 मार्च को जमुई आने का निमंत्रण दे रहे हैं। प्रदर्शन की तैयारी जोर-शोर से जारी है।

# विदाई समारोह में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा शिक्षक को दी गई विदाई



**तीसरा विकल्प न्यूज़ ब्यूरो**

चिरकुंडा /धनबाद । शिक्षक अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा और समर्पण के कारण हमेशा याद रखे जाएंगे, उक्त बातें उत्क्रमित मध्य विद्यालय काली माटी,निरसा 3 के सहायक शिक्षक दिलीप पासवान के सेवानिवृत्ति के उपलक्ष पर विद्यालय परिसर में मंगलवार कोआयोजित विदाई समारोह में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ निरसा-3 के अध्यक्ष प्रमोद कुमार झा ने कही। श्री झा ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सेवानिवृत शिक्षक दिलीप पासवान विद्यालयों में अध्ययन रत छात्र/ छात्राओं में अज्ञानता रूपी अंधकार को दूर करने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन किए हैं बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं चरित्र निर्माण में उनकी लगन एक कुशल कुंभकार की भांति पुष्पित एवं पल्लवित रहा। उन्होंने कहा कि मेरे जीवन पर दिलीप जी की एक गहरी उनके योगदान की छाप छूट चुकी है जो मुझे हमेशा प्रेरित करती रहेगी। विद्यालय परिवार एवं ग्रामीण, शिक्षक के द्वारा बुके,अंग वस्त्र आदि उपहार देकर श्री पासवान की विदाई की गई समारोह मेउपस्थित छात्राएं अभिभावक गण की आंख नम हो गई थी। समारोह में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार, सोमनाथ चटर्जी ,रविंद्र कुमार प रासर, लखी वर्मा ,अजीम अंसारी, अरुण कुमार सिंह ,प्रमोद कुमार झा ,प्रसनजीत मुखर्जी ,विनोद चौधरी ,संजय सिंह ,उमाशंकर राम ,उत्तम कुमार घाटी ,पंकज कुमार ,कालीचरण कुमार, राजकुमार ,प्रमिला देवी ,रामनाथ सोरेन ,पीएम मुर्मू, मुखिया प्रतिनिधि लखीराम, सरस्वती वाहिनी माता समिति के सदस्य गण ,विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सदस्य, आदि दर्जनों की संख्या में अभिभावक गण उपस्थित थे।

## भीषण आग का तांडव, 20 घरों में लगी आग, सिलेंडर फटा, दो महिलाएं झुलसीं, बीस लाख का नुकसान

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता उन्नाव**

उन्नाव। बांगरमऊ थाना क्षेत्र के खैरुद्दीनपुर गांव में मंगलवार दोपहर एक बड़ा हादसा हुआ। दोपहर करीब तीन बजे अचानक एक घर में आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और आसपास के 20 घरों तक फैल गई। घटना के समय टीकाराम के घर में रखा गैस सिलेंडर फट गया। धमाके की आवाज से पूरा गांव दहल गया। हादसे में दो महिलाएं झुलस गईं। 28 वर्षीय गुड्डी (पत्नी गुड्डू) और 18 वर्षीय रूबी (पुत्री अमेनचल) को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। बता दे कि स्थानीय लोगों ने दमकल विभाग को सूचना दी। हालांकि, दमकल की गाड़ी डेढ़ घंटे बाद पहुंची। तब तक घरों का सारा सामान जल चुका था। ग्रामीणों ने इंजन पंपिंग सेट से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। आग में टीकाराम, ब्रह्मा, नथई, सागर, भारत समेत 20 परिवारों के घर जल गए। इस हादसे में बर्तन, कुर्सी, कपड़े, जेवर, नगद रुपए और जरूरी कागजात जलकर राख हो गए। अनुमानित नुकसान करीब 20 लाख रुपए का है। कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार सिंह और राजस्व विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। राजस्व विभाग की टीम नुकसान का आकलन कर रही है।

# जिला न्यायाधीश ने प्रचार वाहनों को झंडी दिखाकर किया रवाना



**तीसरा विकल्प न्यूज़ कन्हैया सिंह**

जमुई पटना। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह ने राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए न्यायालय परिसर से दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक , क्षेत्रीय कार्यालय के द्वारा प्रायोजित प्रचार वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रंजन , दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक मो. जफर आला , एलडीएम लक्ष्मी एक्का , व्यवहार न्यायालय के कई न्यायिक पदाधिकारी और नामित बैंक के कर्मी इस अवसर के साक्ष्य बने। न्यायालय कर्मी मुकेश रंजन ने कार्यक्रम को सफल बनाने में वांछित सहयोग किया। जिला जज ने मौके पर कहा कि आगामी 08 मार्च को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण , नई दिल्ली और बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण , पटना के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। वादों के सुलह के लिए सभी विभागों के पदाधिकारीगण , बैंक के शाखा प्रबंधकगण एवं न्यायिक पदाधिकारीगण और अन्य संबंधित व्यक्तियों के साथ लगातार बैठकें आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि 08 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबित वादों से लोगों को छुटकारा मिलेगा। कोर्ट में लंबित सभी आपराधिक सुलहनीय वाद , बैंक ऋण वाद , चेक बाउंस के वाद , क्लेम वाद , माप-तौल वाद , बाल श्रम वाद , बिजली वाद , वन वाद , दूरभाष वाद , बीमा वाद , तलाक को छोड़कर अन्य वैवाहिक मामलों के साथ अन्य वादों का आपसी सुलह के आधार पर निपटारा कराया जाएगा। उन्होंने प्रचार वाहन को गांव-गांव जाकर राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी वादियों तक पहुंचाए जाने का निर्देश दिया। सचिव राकेश रंजन ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मकसद है लोगों को अनावश्यक पैसा और परेशानी से मुक्ति दिलाना। उन्होंने पक्षकारों से आग्रह करते हुए कहा कि 08 मार्च को व्यवहार न्यायालय आकर लंबित मामलों से छुटकारा पाएं। श्री रंजन ने ममलचियों को जगाने के लिए प्रचार रथ को रवाना किए जाने की बात कही। एलडीएम लक्ष्मी एक्का ने कहा कि वाहनों का काफिला जमुई जिले के समस्त शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर 08 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार करेंगे। साथ ही लोक अदालत के माध्यम से वादों का निष्पादन करने संबंधी लाभों से लोगों को अवगत कराएंगे। प्रचार वाहन लोक अदालत के माध्यम से केस निष्पादन कराने के लिए नामित लोगों को जागरुक एवं प्रेरित भी करेगा। उन्होंने जिले के तमाम वादियों से अपील करते हुए कहा कि वे आपसी मतभेद और वैमनस्य भुलाकर अपने-अपने विवादों का प्रेम और सौहार्द से सुलह के आधार पर त्वरित निपटारा कराने में दिलचस्पी दिखाएं। प्रचार वाहन संवाद प्रेषण में जुट गया है।

## जिला परिवहन पदाधिकारी मो.इरफान ने दिलाया सड़क सुरक्षा का शपथ

**तीसरा विकल्प न्यूज़ कन्हैया सिंह**

जमुई पटना। जिला परिवहन पदाधिकारी मो. इरफान की अगुवाई में समाहरणालय के सभा कक्ष में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट के अधिकांश विभागीय अधिकारी और कर्मियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लेकर सड़क सुरक्षा के लिए शपथ लेने के साथ इससे जुड़े नियमों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। डीटीओ मो. इरफान ने इस अवसर पर कहा कि जीवन की गारंटी के लिए सुरक्षित ड्राइविंग करें। सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों का अनुपालन करना सभी के लिए नितांत जरूरी है। इसके अनुपालन से जहां आप सुरक्षित रहेंगे वहीं आपका परिवार और समाज भी निश्चिंत रहेगा। सड़क पर आपको हमेशा बाईं ओर सावधानीपूर्वक चलना चाहिए। दोनों दिशा निहारें तब सड़क पार करें। ड्राइविंग लाइसेंस लेकर ही वाहन चलाएं। हेलमेट के बिना दो पहिया वाहन न चलाएं। चार पहिया वाहन में यात्रा के दरम्यान सीट बेल्ट जरूर लगाएं। साथ ही गति सीमा के भीतर वाहन का परिचालन करें।

## अनियंत्रित पुलिस वाहन ने बाइक सवारों को रौंदा, तीन घायल हालत गंभीर

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता गाजीपुर**

गाजीपुर। मरदह थाना क्षेत्र में सोमवार की रात पुलिस का सेवा, सुरक्षा और सहयोग का नारा उस समय सवालों के घेरे में आ गया जब स्थानीय बाजार के डॉ भीमराव अंबेडकर प्रतिमा के करीब मरदह-कासिमाबाद मार्ग पर तेज रफ्तार डायल 112 यूपी 32 डीजी 5634 स्कार्पियो वाहन चालक ने बाइक सवार तीन दोस्तों को विपरीत दिशा में जाकर जोरदार टक्कर मार दी और उनकी बाइक को घसीटता हुआ घटनास्थल से फरार होने का प्रयास करने लगे। लेकिन अगल-बगल के लोगों के हस्तक्षेप के कारण भाग नहीं सके। तीनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया तथा जब अस्पताल में भीड़ बढ़ता देखा तो अपना नेम प्लेट निकालकर मौके से रफूचक्कर हो गये। सोमवार रात हुए हादसे में प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डायल 112 का वाहन बाइक को सामने से टक्कर मारने के बाद बाइक को घसीटता रहा। बाइक सवार तीनों दोस्त नोनहरा थाना क्षेत्र के? भंवरी मेहरौली गांव निवासी राजू कन्नौजिया 17 वर्ष, अभिषेक कुमार 26 वर्ष,विनित कुमार 19 वर्ष एक ही बाइक पर सवार होकर क्षेत्र के पड़िता गांव से निमंत्रण से वापस घर जा रहें थे जो सड़क पर गिरकर घायल हो गए। तीनों को सिर, हाथ, पैर में गहरी चोटें आई हैं। तीनों का प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में करवाया गया, जहां से उन्हें गंभीर हालत में जिला मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया। घटना के बाद मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक विजय प्रताप सिंह ने बताया कि तीनों की हालत खतरें से बाहर है फिलहाल इलाज चल रहा है।बताया कि डायल 112 वाहन के चालक और कर्मचारियों से पूछताछ हो रही है। विधिक कार्यवाही की जाएगी। वहीं दूसरी ओर सूत्रों से मिली खबर के अनुसार प्रतिदिन थाने पर तैनात डायल 112 के कर्मचारियों द्वारा बेवजह तेज रफ्तार में स्कार्पियो गाड़ी को? हूटर बजाते हुए दौड़ाया जाता है जो चर्चा का विषय बना रहता है।



# निरसा अनुमंडल क्षेत्र में अवैध कोयला उत्खनन और भंडारण का काला कारोबार फिर से शुरू हो गया है



**तीसरा विकल्प न्यूज़ ब्यूरो**

निरसा/ धनबाद। निरसा अनुमंडल क्षेत्र में लगभग 12 से 16 स्थानों पर अवैध कोयला उत्खनन और भंडारण हो रहा है। जिससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो रही है इस अवैध गतिविधियां में कई लोग शामिल है जिसमें स्थानीय माफिया कुछ राजनीतिक नेता और सरकारी अधिकारी भी शामिल है। यह अवैध गतिविधियाँ मैथन ओपी, पंचेत ओपी, कालूबथान ओपी, गल्फरबाड़ी ओपी,कुमारधुबी ओपी क्षेत्र, निरसा थाना और अन्य थाना क्षेत्रों में बड़े पैमाने हो रही हैं। राते के अंधेरे में नहीं बल्की दिन के उजाले में डंके की चोट पर की जा रही है।स्थानीय पत्रकारों और मीडिया रिपोर्ट्स ने इस मुद्दे को बार-बार उजागर किया है, लेकिन निरसा पुलिस और ECCL व BCCL की सुरक्षा में तैनात CISF अधिकारी कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। झारखंड सरकार कोयला उत्खनन क्षेत्र में पारदर्शिता और कानून व्यवस्था को मजबूत करने की बात करती है, लेकिन निरसा में बढ़ते अवैध कारोबार ने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिया हैं। स्थानीय पत्रकार लगातार इस काले खेल को उजागर कर रहे हैं, लेकिन उनकी आवाज को अनसुना किया जा रहा है। निरसा के हालात यह सवाल खड़ा करते हैं कि क्या पुलिस प्रशासन अपनी जिम्मेदारी निभाएगा या फिर अवैध कोयला कारोबार यूं ही चलता रहेगा ? अवैध उत्खनन के कारण दुर्घटनाएं भी हो रही हैं, जिसमें लोगों की जाने भी जा रही हैं। पुलिस प्रशासन की ÷मौन स्वीकृति÷ या लाचारी, पुलिस और प्रशासन का कोयला माफियाओं के आगे नतमस्तक होना भ्रष्टाचार का खेल। पुलिस और CISF के कुछ भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा माफियाओं की सरपरस्ती। माफिया राज का इतना मजबूत होना कि कानून व्यवस्था उनके आगे घुटने टेक दी। सरकार और उच्च अधिकारियों को इस मामले में तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। पुलिस और CISF को अवैध कोयला उत्खनन और भंडारण को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने चाहिए। निरसा के पूर्व विधायक अपर्णा सेनगुप्ता का कहना हैं कि जब से चुनाव खत्म हुआ हैं उसके बाद निरसा के सभी थाना और ओपी क्षेत्रों में डंके की चोट पर कोयले की लूट जारी हैं निरसा का भविष्य खतरे में हैं।

# नशा मुक्ति अभियान के तहत समाज सेविका रीना त्रिपाठी ने युवाओं को दिया संदेश

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

नशा छोड़ने पर परिवार ने कराया चुरुवा मंदिर में सुंदरकांड व भंडारा । पूर्व ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख मोहनलालगंज विनोद वर्मा के परिवार ने रायबरेली रोड में स्थित प्राचीन सिद्ध बजरंगबली के मंदिर में विधि विधान से पूजा पाठ कर सुंदरकांड व भंडारे का आयोजनकिया पूछने पर महत्वपूर्ण कारण पता चला जिससे देश के युवाओं को शिक्षा लेनी चाहिए। लालपुर गांव के निवासी विनोद वर्मा लगभग 22 साल से दिन भर में बीस पान खाते थे। दिव्य और भाव कुंभ में नशा मुक्ति आंदोलन और खुद के दृढ़ संकल्प के द्वारा नशे की हानियों को जानते हुए परिवार की खुशी के लिए मां गंगा को समर्पण के भाव से अपने जीवन में हर प्रकार के नशे से दूर रहने का संकल्प ले डुबकी लगाई। जिससे प्रसन्न होकर उनकी पत्नी ने और बेटी ने 500 रुपए का इनाम दिया और परिवार के सभी बुजुर्ग लोगों ने आशीर्वाद दिया। रायबरेली रोड में स्थित प्राचीन सिद्ध चुरवा हनुमान जी के मंदिर में पूरे परिवार में मिलकर विनोद वर्मा को सम्मानित किया और इस खुशी के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया। इससे यह संदेश मिलता है कि जो युवा अक्सर यह कहते हुए पाए जाते हैं कि नशा छोड़ा नहीं जा सकता क्या करें शराब ,गांजा ,सिगरेट बीड़ी ,पान ,मसाला एक ऐसी लत के रूप में जीवन में आ गया है जो छूटता ही नहीं। ऐसे देश के सभी नवयुवकों के लिए मिसाल का काम कर रहे हैं पूर्व ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख मोहनलालगंज विनोद वर्मा जिन्होंने अपने जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के नशे की वस्तुओं का समय-समय पर शराब गुटका मसाला का त्याग किया है और अब इस प्रतिज्ञा के तहत पान को भी हमेशा के लिए छोड़ दिया। शिक्षिका एवं समाज सेविका नशा मुक्ति आंदोलन से जुड़ी रीना त्रिपाठी ने बताया कि आदरणीय विनोद वर्मा को नशा छोड़ने के लिए मंदिर प्रांगण में संस्था की ओर से सम्मानित किया गया, यदि सभी लोग पान गुटका तथा अन्य प्रकार के नशे को खुद ही परित्याग कर दें तो नशे की चलने वाली दुकान स्वत बंद हो जाएगी और हमारे समाज में बहुत से अपराध बहुत सी गंदगी और सड़कों की सफाई लाल रंग की पीक खुद साफ हो जाएगी। आज भी देश के कई राज्यों में गुटका पान मसाले पर पूरी तरह रोक वहां की युवाओं की स्थिति सार्वजनिक प्रतिष्ठानों की साफ सफाई का स्तर देखकर वाकई गर्व का अनुभव होता है बच्चों युवाओं और बुजुर्गों तथा नशा बनाने वाली फैक्ट्रियोंके मालिक व उद्योगपतियों सेआशा और अपेक्षा की जाती है कि पूरा देश इसी प्रकार स्वच्छ बनेगा। पत्नी सरला वर्मा ने बताया कि पूरे परिवार ने अपनी खुशी व्यक्त की, यह घटना युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगी और नशे रूपी दोनों से हम बहुत से युवाओं को बचा सकेंगे। इस अवसर पर वीर सिंह ,अंजू वर्मा,सौम्य सिंह, विकास वर्मा ,नेहा सिंह ,वरुण, श्लोक ,शकुंतला वर्मा, नंदकिशोर वर्मा पूर्व प्रधान, विनोद वर्मा पूर्व ब्लाक प्रमुख, रीना त्रिपाठी अध्यक्ष नशा मुक्ति अभियान, सरला वर्मा, राहुल वर्मा, विकास पटेल प्रधान, नागेश्वर द्विवेदी,त्रियुगी नारायण मिश्रा, सुनील पटेल प्रधान, बृजेश वर्मा प्रधान , आलोक मिश्रा, निशू मिश्रा, राकेश वर्मा, बृजेश वर्मा, राम चरन पूर्व डिप्टी डायरेक्टर, रामचंदर ,जतिन सिंह, जय मिश्रा, सुभाष सिंह, मृत्युंजय सिंह, नवीन सिंह, जितेन्द्र पाल, शशांक पटेल, मनीष वर्मा, साहिल गौतम, शाहिद आसपास के गांव के सैकड़ो लोगों ने प्रतिभा किया और भंडारे का प्रसाद ग्रहणकिया। गुटखा खैनी पान का, ऐसा चला रिवाज़। खाते अंधाधुंध सब, दूषित हुआ समाज॥ फँसे नशे के जाल में, बच्चे युवा और बुजुर्ग।

## बढ़े तापमान में झुलस रहे गेहूं, किसानों के अरमान

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता गाजीपुर**

गाजीपुर। अबकी बार बढ़े तापमान के कारण किसानों के अरमान झुलस गए। कड़ी मेहनत से तैयार गेहूं की फसल के पैदावार पर ग्रहण लग गया। तापमान में वृद्धि से गेहूं समय से पहले पक जाएगा और दाना भी पूरी तरह से विकसित नहीं हो पाएगा। इसके चलते प्रति हेक्टेयर पांच से आठ क्विंटल तक उत्पादन घट जाएगी। जिले में करीब 40 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में गेहूं की खेती होती है। गरीब परिवारों की साल भर की गृहस्थी गेहूं की फसल पर निर्भर रहती है। इस बार गेहूं बुआई के समय से मौसम ने किसानों का खूब साथ दिया। समय से बुआई की और फसल तैयार होने के करीब आई तो मौसम का मिजाज एकाएक बदल गया। बीते मध्य फरवरी से ही तापमान काफी बढ़ गया था। मार्च शुरू होते ही तापमान 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मंगलवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन भर तेज धूप ने लोगों को मई, जून का एहसास करा दिया। अचानक बढ़े तापमान से गेहूं के खेतों की नमी खत्म हो गई और समय से पहले फसल पकने जा रही है। जिसका किसानों को डर था, हुआ भी वही। दाना कमजोर होने के कारण उत्पादन प्रभावित हो गया। शुरूआती मौसम देखकर किसानों को लगा था कि 40 से 45 हेक्टेयर प्रति क्विंटल पैदावार होगी। वर्ष 2024 में 38 क्विंटल प्रति हेक्टेयर पैदावार हुई थी, जबकि अबकी बार प्रति हेक्टेयर 30 से 32 क्विंटल उपज का औसत आने की संभावना है। कृषि विभाग ने उम्मीद जताई थी कि डेढ़ लाख एमटी गेहूं की पैदावार होगी, लेकिन एक से सवा लाख एमटी ही पैदावार होती दिख रही है। उप निदेशक कृषि एके सिंह ने बताया कि अनुमान पर तापमान भारी पड़ा है।

# ट्रक चालक की हत्या के मामले में बनी मोहन रोड पर शव रखकर जाम प्रदर्शन



मृतक

तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। बंथरा इलाके में रविवार रात संदिग्ध हालत में शराब ठेके के पास पड़े मिले ट्रक चालक कुलदीप रावत (32) के शव के मामले में मृतक के परिजनों ने लोगों के साथ मिलकर मंगलवार को सड़क पर शव रख दिया और विरोध प्रदर्शन करने लगे। सूचना के बाद पहुंची पुलिस उन्हें समझाने में जुटी है। मगर प्रदर्शन कर रहे लोग सड़क से हटने का तैयार नहीं हैं। वह इस मामले में हत्या का आरोप लगाते हुए हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग पर अड़े हैं। गौतलब है कि मूल रूप से उन्नाव जिले के अजगैन थाना अंतर्गत गुरसान खेड़ा सिरसा निवासी कुलदीप रावत बीते 20 वर्षों से परिवार सहित बंथरा के कटी बगिया स्थित ननिहाल में रहकर ट्रक चलाता था। उसका शव संदिग्ध हालत में रविवार रात करीब 1 बजे घर से आधा किलोमीटर दूर बनी - मोहान रोड स्थित शराब ठेके के पास पड़ा मिला था। उसके सर से खून बह रहा था। तब पुलिस ने नशे में गिरकर मौत होना बता कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। लेकिन परिजन उसकी हत्या का आरोप लगा रहे थे। मृतक के बड़े भाई रंजीत ने इस मामले में शराब ठेके के बगल में बिरयानी की दुकान चलाने वाले बल्ले और उसके दो नौकरों के ऊपर किसी बात को लेकर मारपीट का आरोप लगाकर रिर्पोट दर्ज करायी। उसने आरोप लगाया कि इन तीनों ने उसके भाई कुलदीप को इतना मारा कि उसकी मौत हो गई। आरोप लगाया रिपोर्ट दर्ज करने के बाद अभी पुलिस उन्हें गिरफ्तार नहीं कर रही है। इसी से नाराज परिजनों ने सोमवार शाम पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचे शव का अंतिम संस्कार नहीं किया। बल्कि उसे पूरी रात घर में ही रखे रहे। मंगलवार सुबह करीब 10 बजे मृतक के परिजनों ने शव को उसी शराब ठेके के पास बनी - मोहन रोड पर रख दिया और विरोध प्रदर्शन करने लगे। सड़क पर शव रखकर हो रहे रोड जाम प्रदर्शन की सूचना पाकर पहुंची बंथरा पुलिस ने उन्हें समझाने बुझाने की कोशिश की। लेकिन वह हत्यारों की गिरफ्तार की मांग पर अड़े रहे। हालाकि बाद में पुलिस ने बड़ी मसक्कत कर उक्त शराब ठेके के पास बिरयानी की दुकान लगाने वाले बनी निवासी बल्ले उर्फ दीपू, उसके नौकर सोहरामऊ के बजेहेरा निवासी शेरा और सोहरामऊ के ही भदेसुआ निवासी रामसेवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बाद में उनकी गिरफ्तारी के फोटो भी प्रदर्शनकारियों को दिखाए। लेकिन वह कुछ भी मानने को तैयार नहीं हुए। वह आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद मृतक के परिजनों को 25 लाख रुपए के मुआवजे की मांग करने लगे। तब पुलिस ने सरकार द्वारा मिलने वाली आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन देकर शव किनारे कराने के साथ रोड जाम प्रदर्शन समाप्त कराया। इस रोड जाम प्रदर्शन से बनी - मोहान रोड पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारे लगी रहीं। इसकी वजह से करीब 2 घंटे तक बनी - मोहान रोड पर यातायात पूरी तरह ठप रहा। वहीं मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी पसली टूटने से मौत होना आया है। इसके बाद पुलिस ने मामले को हत्या की धारा में परिवर्तित कर दिया है।

## किसान को बिना चेक बुक मिले ही खाते से पांच चेको के जरिए लाखों रुपए की रकम पार

तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। सरोजनीनगर में एक किसान को बिना चेक बुक मिले ही उसके खाते से पांच चेकों के जरिए 9,65,000 रुपये निकल गए। जानकारी होने पर किसान ने मंगलवार को सरोजनीनगर थाने में इसकी तहरीर दी है। पुलिस तहरीर लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। बिजनौर के नटकुर गांव में रहने वाले किसान राकेश कुमार के मुताबिक उसने बीते दिनों अपने हिस्से की साढे चार बिस्वा जमीन करीब 32 लाख रुपए में बेची है। इसका एग्रीमेंट होने के बाद उसे 12 लाख रुपए मिले, जो उसने सरोजनीनगर के गौरी स्थित यूनियन बैंक शाखा के अपने खाते में डाल दिए। राकेश का कहना है कि उसे दूसरी जगह जमीन खरीदनी है। इस लिए दूसरी जगह जमीन देखी और उसका बयाना देने के लिए मंगलवार को अपने खाते से पैसे निकालने बैंक गया। जहां पता चला कि चेक बुक के जरिए उसके खाते से 27 दिसंबर 2024 से 28 जनवरी 2025 के बीच पांच बार में कुल 9,65,000 रुपये किसी ने निकाल लिए। उसका कहना है कि वह पढ़ा लिखा नहीं है।

# लक्ष्मी ऑटो बजाज की तरफ बन्थरा में पल्सर मेनिया कार्यक्रम का विशाल आयोजन किया गया



तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ

सरोजिनीनगर। राजधानी लखनऊ के सरोजिनी नगर के बंथरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत लक्ष्मी ऑटो बजाज रुपेश चंद्रा की तरफ से ढोड़े वीर बाबा मैदान में मंगलवार के दिन विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व जिला अध्यक्ष संजय सिंह चौहान नें पल्सर ह160 ञ्जष्ठ का अनावरण किया। और बजाज कम्पनी की तरफ से प्रशिक्षित स्टंटमैन, सुनील और दीप जो राष्ट्रीय स्तर के हिटमैन है। उन्होने बहुत जबरदस्त स्टंट किया जिसेसे देखकर दर्शको ने दांतों तले उंगलिया दबा ली और लगभग सभी दर्शकों ने नयी गाडी का टेस्ट राइड भी किया।। और निश्चित उपहार भी जीता और उसी कार्यकम का मुख्य आकर्षण पल्सर 160टीडी का अनावरण भा.ज.पा के पूर्व जिलाध्यक्ष और जनप्रिय समाजसेवी संजय सिंह चौहान ने किया. वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व जिला अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने सभी नवयुवकों को एक संदेश दिया कि बिना प्रशिक्षित युवक कोई स्टण्ड ना करें उन्होंने कहा सभी से अनुरोध है कि अगर दोपहिया वाहन आप चलाते हैं तो हेलमेट लगाकर चलाएं और यातायात के नियमों का पालन अवश्य करें. इस कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार धर्मेन्द्र तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार संतोष उपाध्याय,शैलेंद्र प्रजापति वरिष्ठ पत्रकार और बंथरा के अतुल शुक्ला सभासद समाजसेवी अभिषेक सिंह लवी ,भोलानाथ श्रीवास्तव प्रियांशु सिंह (अंश) अवनीश सिंह (लवी) प्रत्युश बिटे (भोली), आशीव चन्द्रासमस्त लक्ष्मी बजाज स्टाफ क्षेत्रीय सभासद और तमाम क्षेत्र की सम्मानित जनता और बजाज कम्पनी के ए.एस.एम. वैभव भौगरिमामय उपास्थिति रही.

## 100 से अधिक युवा पहुंचे ऋण आवेदन शिविर में

तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने ऋण आवेदन शिविर लगाया। शिविर में बड़ी संख्या में स्टार्टअप के क्षेत्र में आगे बढ़ने वाले युवा शामिल हुए और ऋण आवेदन की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान बैंक के मुख्य प्रबंधक सपन कुमार चौधरी ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत बिना ब्याज एवं बिना सिक्योरिटी के युवा लोन प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया ऋण के लिए के लिए आवेदन करने वाले युवाओं को शैक्षिक योग्यता का प्रमाण पत्र ,एक फोटो, नोटरी द्वारा प्रमाणित शपथ पत्र, पासबुक के प्रथम पेज की प्रति, निवास प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, आधार कार्ड एवं जो उद्योग करना चाहते हो उसकी प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रप्रत्र लगाने होंगे।

# आक्रोशित व्यापारियों द्वारा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में दिया गया ज्ञापन



तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ

सरोजिनीनगर। उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष माननीय ओम प्रकाश शर्मा जी के नेतृत्व में आज दिनांक 04/03/2025 को कानपुर एक्सप्रेस वे के निर्माण में शामिल कंपनी पी एन सी एवम् एन एच ए आई के द्वारा पैदा की गयी विसंगतियों एवम् भ्रांतियों के निवारण हेतु 9सूत्रीय ज्ञापन मंडलायुक लखनऊ को थाना प्रभारी थाना सरोजिनी नगर राज देव प्रजापति के माध्यम से भेजा गया जिसमें प्रशासन को अवगत कराया गया कि यदि 11/03/2025 तक 9 सूत्रीय मांगों को लेकर संबंधित अधिकारी गण को बुला कर बैठक कर मांगों का निस्तारण न करने पर 12/03/2025 को स्कूटर इंडिया चौराहे से लेकर एयरपोर्ट चौराहे तक के सभी व्यापार मण्डल और जन सामान्य सड़कों पर उतर कर आक्रोश व्यक्त करेंगे। जिसमें मुख्य मांगे अधिग्रहण का एरिया, आम नगारिकों की सुरक्षा, मुआवजा, प्रत्येक बाजार में जलभराव, जगह जगह नालों का अधूरा निर्माण प्रमुख रूप से हैं।ज्ञापन देने वालों में सरोजिनी नगर विधानसभा प्रभारी जितेंद्र कुमार हजेला, प्रदेश उपाध्यक्ष अतुल कुमार सिंह, डॉ अवधेश कुमार सिंह, पूर्व पार्षद किशन दादा,गौरी व्यापार मंडल के अध्यक्ष दिलीप रावत, शान्ति नगर व्यापार मण्डल अध्यक्ष रितेश सिंह चौहान, एयरपोर्ट व्यापार मंडल के अध्यक्ष पवन तिवारी, महामंत्री विजेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष शिवम्, उपाध्यक्ष राजेश कुमार दुबे,ज्वाला जी मंदिर की संरक्षक मीना यादव , गायत्री देवी, एवं सैकड़ों पदाधिकारी, व्यापारी और आम जनमानस मौजूद रहे।

# औरंगजेब इतिहास का कलंक, क्रूरता का पर्याय, अबू आजमी के बयान पर समाजवादी पार्टी स्पष्ट करे अपनी स्थिति – डॉ. राजेश्वर सिंह

**➲ अबू आजमी के बयान पर सपा की मौन स्वीकृति, औरंगजेब की विचारधारा की स्वीकारोक्ति है - डॉ. राजेश्वर सिंह**



तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आज़मी द्वारा औरंगजेब के बचाव किए जाने पर भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। सोशल मीडिया एक्स पर किए गए पोस्ट में विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने लिखा है कि, क्रूर औरंगजेब बचाव करना उन करोड़ों बलिदानियों का अपमान है, जिन्होंने धर्म, राष्ट्र और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। सरोजनीनगर से भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने अबू आज़मी के बयान की कड़ी निंदा करते हुए समाजवादी पार्टी से जवाब मांगा है कि क्या पार्टी भी औरंगजेब की कट्टरपंथी विचारधारा का समर्थन करती है? विधायक ने औरंगजेब को क्रूरतम शासक बताते हुए इतिहास का कलंक बताया औरंगजेब न केवल भारत के इतिहास में बल्कि संपूर्ण विश्व में क्रूरता, कट्टरता और विध्वंसक मानसिकता का प्रतीक रहा है। यह वही शासक था जिसने - अपने पिता शाहजहां को कैद कर दिया। अपने ही भाई दारा शिकोह की हत्या करवाई। श्री काशी विश्वनाथ, सोमनाथ जैसे असंख्य हिंदू मंदिरों को ध्वस्त करवाया। हिंदू समाज पर जजिया कर लगाया और उनके पर्व-त्योहारों पर प्रतिबंध लगाया। गुरु तेग बहादुर जी का अमानवीय रूप से वध करवाया, गुरु गोबिंद सिंह जी के चारों साहिबजादों को निर्दयता से शहीद किया। छत्रपति संभाजी महाराज जी को यातनाओं के साथ क्रूरतापूर्वक मौत के घाट उतारा। ऐसे रक्तपिपासु शासक का बचाव करना हिंदू समाज की आस्था और बलिदानों का सीधा अपमान है। समाजवादी पार्टी पर सीधा हमला करते हुए डॉ. सिंह ने पूछा कि क्या हिंदू मंदिरों को तोड़ने वाला और जजिया कर लगाने वाला व्यक्ति सम्मानित हो सकता है? क्या अबू आज़मी का बयान समाजवादी पार्टी की आधिकारिक विचारधारा है? यदि नहीं, तो समाजवादी पार्टी अबू आज़मी पर कार्यवाही क्यों नहीं कर रही? यदि समाजवादी पार्टी इस बयान से स्वयं को अलग नहीं करती और अबू आज़मी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करती, तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि पार्टी औरंगजेब की विभाजनकारी सोच का समर्थन कर रही है और हिंदू आस्था के प्रति संवेदनहीन है। विधायक ने अपने पोस्ट के अंत में समाजवादी पार्टी से पूछा कि राष्ट्र के स्वाभिमान और इतिहास के सम्मान की रक्षा के लिए, समाजवादी पार्टी को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी होगी।

## समाचार

### स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की लोगों को दी सलाहःडॉ. जी.के. गोस्वामी

तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस में दो दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित सरोजनीनगर लखनऊ। सरोजनीनगर स्थित उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस में मंगलवार को दो दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ. जी.के. गोस्वामी ने शिविर का उद्घाटन किया। शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अतुल कुमार और डॉ. अतिबुल्लाह खान ने मरीजों का ब्लड टेस्ट, ब्लड प्रेशर और ईसीजी करके परामर्श दिया। रानीपुर दरोगा खेड़ा सहित आसपास के गांवों से आए डेढ़ सौ से अधिक लोगों ने इस सुविधा का लाभ उठाया। डॉ. गोस्वामी ने कहा कि स्वास्थ्य सर्वोपरि है। उन्होंने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। उन्होंने चिंता जताई कि लोग अपने स्वास्थ्य को लेकर लापरवाह रहते हैं। कार्यक्रम में पुलिस उप महानिरीक्षक राजीव मल्होत्रा, उप निदेशक चिरंजीब मुखर्जी, प्रशासनिक अधिकारी अतुल यादव, जनसंपर्क अधिकारी संतोष तिवारी और प्रतिसार निरीक्षक बृजेश सिंह सहित संस्थान के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



### तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने बाइक में मारी ठोकर,बाइक सवार बुजुर्ग महिला का बायां हाथ क्षतिग्रस्त

तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। सरोजनीनगर में मंगलवार शाम एक तेज रफ्तार बेकाबू प्राइवेट बस ने एक बाइक में ठोकर मार दी। ठोकर लगने से बाइक पर सवार बुजुर्ग महिला नीचे गिर गई और बस ने उसके बाएं हाथ को रौंद दिया। जिससे बुजुर्ग महिला का बायाँ हाथ पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। उसे ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। बिजनौर के नटकुर में रहने वाले पवन कुमार के मुताबिक उनके छोटे भाई अमरनाथ के साथ उनकी 75 वर्षीय मां मंगलवार शाम करीब 4 बजे बाइक से आलमबाग की ओर से वापस घर लौट रही थी। तभी सरोजनीनगर में शांति नगर के पास कानपुर रोड पर तेज रफ्तार बस ने पीछे से बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे उनकी मां नीचे गिर गई और बस का अगला पहिया उनके बाएं हाथ पर चढ़ गया। इससे उनका बायां हाथ बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गंभीर हालत में उन्हें आनन फानन ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज जारी है। उधर इस मामले में पवन ने बस चालक के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने बस सहित उसके चालक को अपने कब्जे में ले लिया और आगे की कार्रवाई कर रही है।

### घर में घुसकर चोरी करने वाले शातिर चोर गिरफ्तार

तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ



लखनऊ। थाना ठाकुरगंज पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है, जो घर में घुसकर चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। यह घटना 11 फरवरी को घटी, जब पीड़ित ने सूचना दी कि वह अपने परिवार के साथ भान्जे की शादी की तैयारी में व्यस्त थी, इसी दौरान किसी ने उसके घर से 18,000 रुपये नगद और कीमती सोने-चाँदी के जेवरात चुरा लिए।पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया और थाना ठाकुरगंज में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच में जुड़ गई ।पुलिस टीम ने 3 मार्च को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त नसीम उर्फ टेन्ची (21 वर्ष), निवासी राधाग्राम पार्क, थाना ठाकुरगंज, से गिरफ्तार किया। आपको बताते चले अभियुक्त नसीम एक शातिर अपराधी है, और पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी किए गए जेवरात और 18,000 रुपये नगद बरामद किए। अभियुक्त नसीम उर्फ टेन्ची पहले भी चोरी की घटनाओं में लिप्त रहा है और इसके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हैं। उसे अब न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। यह कार्रवाई ठाकुरगंज पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ की गई सख्त कार्रवाई का एक और उदाहरण है,जो समाज में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

### गांव का रास्ता बदहाल, जिम्मेदार मौन ?

तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता हरदोई

हरदोई। पिहानी गांव के अंदर कई वर्षो से नाली निर्माण न होने के कारण घरों का गंदा पानी गलियों में बहाने से जल भराव बना हुआ है, जिससे तमाम बीमारियों का खतरा ग्रामीणों पर मंडरा रहा है जिससे आवा गमन बाधित है, उत्तर प्रदेश सरकार की स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे है ,कीचड़ की भरमार से दुखी ग्रामीणों का कहना है, विकासखंड पिहानी की ग्राम पंचायत कुशवारी गाँव की हर गली में कीचड़ की भरमार है जिससे हम लोगों का निकलना मुश्किल हो रहा है प्रधान से कई बार अनुरोध करने पर भी निर्माण नहीं कराया जा रहा है और उच्च अधिकारियों से कई बार शिकायत करने पर भी हम ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण नहीं किया जा रहा है, जिससे हमारे गांव के नौजवानों के रिश्ते लौट रहे हैं यह गांव कीचड़ में जलमग्न हो गया है जिसका कोई उच्च अधिकारी देखने व सुनते नहीं आता है, इस गाँव की खराब स्थिति होने से आवागमन प्रभावित हो गया है। इतना ही नहीं स्कूली बच्चों के वाहन और एम्बुलेंस भी नहीं निकल पा रही है। इस संबंध में भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रशक्ति के जिलाध्यक्ष अरविन्द मौर्य ने कहा कि यदि जल्द गाँव में नाली निर्माण वा आर. शी शी कार्य नहीं करवा गया तो जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर उनसे जवाब मांगा जायेगा।



# हनुमान जी के प्रसिद्ध पिपलेश्वर चुरुवा मंदिर में सुंदरकांड व भंडारे का आयोजन



तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। प्रयागराज राजमार्ग पर चुरुवा गांव स्थित संकट मोचन हनुमान जी के पिपलेश्वर चुरुवा हनुमान जी के प्राचीन सिद्ध मंदिर में मंगलवार को पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर सुंदरकांड व भंडारे का आयोजन किया। इस मौके पर सुंदरकांड और भंडारे के मुख्य आयोजक पूर्व ज्येष्ठ ब्लाक प्रमुख विनोद वर्मा के संग उनके सभी परिवारीजनों व इष्ट मित्रों ने मिलकर गांव और समाज की सुख समृद्धि की प्रार्थना की। आपको बता दें कि लखनऊ-रायबरेली की सीमा पर स्थित चुरुवा के पिपलेश्वर हनुमान जी के इस प्राचीन सिद्ध मंदिर का इतिहास सौ साल पुराना है। मान्यता है कि काफी समय पहले यहां पर एक कच्चा गलियारा था जिसके किनारे एक पीपल का पेड़ हुआ करता था जो एक बार तेज आंधी तूफान की चपेट में आकर गिर गया तभी कटाई के दौरान हुई खुदाई में पीपल की जड़ में हनुमानजी की एक प्रतिमा दिखाई दी, जो पूर्णतया लकड़ी की है। तभी से लेकर आज तक यह मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। यहां मंगलवार और शनिवार के दिन काफी भीड़ एकत्र होती है। जिसे बाद में भव्य मंदिर के स्वरूप में स्थापित किया गया। कहा जाता है कि संकट मोचन हनुमान जी के इस प्रसिद्ध मंदिर के दर्शन मात्र से ही भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। इस अवसर पर वीर सिंह, अंजू वर्मा, सौम्य सिंह, विकास वर्मा, नेहा सिंह, वरुण, श्लोक, शकुंतला वर्मा, नंदकिशोर वर्मा पूर्व प्रधान, विनोद वर्मा पूर्व ज्येष्ठ ब्लाक प्रमुख, रीना त्रिपाठी अध्यक्ष नशा मुक्ति अभियान, सरला वर्मा, राहुल वर्मा, विकास पटेल प्रधान, नागेश्वर द्विवेदी, त्रियुगी नारायण मिश्रा, सुनील पटेल प्रधान, बृजेश वर्मा प्रधान, आलोक मिश्रा, निशू मिश्रा, राकेश वर्मा, बृजेश वर्मा, राम चरन पूर्व डिप्टी डायरेक्टर, रामचंदर, जतिन सिंह, जय मिश्रा, सुभाष सिंह, मृत्युंजय सिंह, नवीन सिंह, जितेन्द्र पाल, शशांक पटेल, मनीष वर्मा, साहिल गौतम, शाहिद समेत आसपास के गांव के सैकड़ो लोगों ने प्रतिभाग किया और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

# खालसा इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड परीक्षाएं चाक -चौबंद व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से जारी




तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ

लखनऊ। खालसा इंटर कॉलेज परीक्षा केन्द्र पर यूपी बोर्ड की परीक्षाएं चाक -चौबंद व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से चल रही हैं। केन्द्र व्यवस्थापक वीरेन्द्र सिंह एवं परीक्षा प्रभारी नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि मंगलवार को प्रथम पाली में हाई स्कूल - विज्ञान एवं इंटर मीडिएट - लेखा शास्त्र विषय की परीक्षा में कुल 606 परीक्षार्थी एवं द्वितीय पाली में हाई स्कूल - कृषि एवं इंटर मीडिएट- अर्थशास्त्र विषय की परीक्षा में कुल 290 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए।केन्द्र व्यवस्थापक ने बताया कि पहली पाली में हाई स्कूल के 16 एवं इंटरमीडिएट के 4 जबकि द्वितीय पाली में हाई स्कूल के 2 एवं इंटरमीडिएट के 11 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।चाक - चौबंद व्यवस्था के बीच दोनों पालियों में कॉपियों की सीलिंग एवं पैकिंग हुई।इस दौरान स्टेटिक मजिस्ट्रेट सुशील कुमार एवं वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक अरविन्द कुमार द्विवेदी मौजूद रहे 7

# उत्तर प्रदेश में आरपीआई मजबूत, 11 मुद्दों के साथ भविष्य की तैयारियों में जुटा संगठन – रामदास आठवले

तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आ.) का संगठन मजबूत है। पिछले 7 वर्षों से प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता के नेतृत्व में आरपीआई सक्रिय है। बड़ी संख्या में लोग आरपीआई से जुड़ रहे हैं। लगभग उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में पार्टी की कार्यकारिणी मजबूत है और जनसामान्य से जुड़े मुद्दों को जिलास्तर, ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर पर लगातार उठाया जा रहा है। आरपीआई, उत्तर प्रदेश में एक नई ऊर्जा के साथ जनता के सामने खड़ी है। आज प्रदेश पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक में सभी से भविष्य के लक्ष्यों को लेकर सुझावों का आदान-प्रदान एवं विचार-विमर्श हुआ। आरपीआई, उत्तर प्रदेश 11 मुद्दों के साथ भविष्य में एक नए विजन के साथ चुनावी मैदान में उतरेगी। ये बात रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री, भारत सरकार डॉ. रामदास आठवले ने हजरतगंज स्थित होटल जेमिनी कांटिनेंटल में पत्रकार वार्ता के दौरान कही। केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया, डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं डॉ. राम मनोहर लोहिया की संकल्पना पर आधारित है। आरपीआई संविधान के मूल्यों को सर्वोच्च रखते हुए समाज के शोषित, वंचित, पिछड़े सहित अन्याय का शिकार हर वर्ग की आवाज उठा रही है। आरपीआई वह पार्टी है, जिसने सदन में सवर्णों को 10 प्रतिशत आरक्षण देने की वकालत की। आरपीआई से लोगों को जोड़ने के लिए गांव-गांव, पांव-पांव अभियान की शुरुआत की गई थी। हर मंडल में आरपीआई के प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी लगातार बैठकें कर लोगों को जोड़ने अपील कर रहे हैं। साथ ही आरपीआई का सोशल मीडिया पर सदस्यता अभियान (मिस्ड कॉल 8874742025) भी चलाया जा रहा है। एक वॉर रूप भी स्थापित किया गया है, जिसमें कॉलिंग के माध्यम से लोगों को पार्टी की विचारधारा के बारे में बताकर लोगों से जुड़ने की अपील की जा रही है। पत्रकार वार्ता के दौरान केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले), उत्तर प्रदेश 11 प्रमुख मुद्दों के साथ जनसामान्य को अपने साथ जोड़ने का काम कर रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा आरपीआई के 11 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क शिक्षा, निःशुल्क चिकित्सा, निःशुल्क न्याय, सामाजिक न्याय, जातीय जनगणना, महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण, श्रमिक कल्याण, बेरोजगारी हटाओ, पुलिसिया उत्पीड़न पर रोक लगे, भूमिहीनों को ज़मीन जैसे मुद्दे प्रमुख रूप से शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने कहा की भौतिक एवं सोशल मीडिया अभियानों के माध्यम से अब तक 40 हज़ार लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली है। ये अभियान लगातार जारी रहेंगे। वर्ष 2025 में 10 लाख सक्रिय सदस्यों का लक्ष्य आरपीआई ने लिया है। इसके लिए भौतिक एवं डिजिटल अभियानों को और तेज किया जाएगा। आरपीआई प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता ने कहा कि आरपीआई, उत्तर प्रदेश में हर अन्याय के ख़िलाफ़ आवाज बुलंद कर रही है। 69000 शिक्षक भर्ती में दलित, पिछड़े वर्गों के साथ जो हकमारी हुई है, उनके साथ न्याय होना चाहिए। इसके लिए मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे। साथ ही शिक्षामित्रों को अध्यापक के रूप में समायोजित करने की माँग आरपीआई करती है। पुलिसिया उत्पीड़न के खिलाफ आरपीआई लगातार आवाज बुलंद कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विजन उत्तम उत्तर प्रदेश बनने का है लेकिन अफ़सर उनके विजन पर पानी फेर रहे हैं। अयोध्या, मथुरा, मेरठ और कासगंज में दलित उत्पीड़न की घटनाओं के ख़िलाफ़ आरपीआई ने आवाज बुलंद की। केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी, राष्ट्रीय लोकदल, जनता दल यूनाइटेड, कांग्रेस, आजाद समाज पार्टी, सुहेलदेव समाज पार्टी छोड़कर लोग आरपीआई की सदस्यता ले रहे हैं एवं पार्टी पदाधिकारी के रूप में कार्य कर रहे हैं। नवम्बर माह के बाद विभिन्न जिलों से करीब 115 लोगों ने दूसरी पार्टियां छोड़कर आरपीआई की सदस्यता ली है एवं पार्टी पदाधिकारी के रूप में कार्य कर कर रहे हैं।

# संपादकीय

## लगी आग की जद में रक्षा खडसे

देश भर में, खासकर भारतीय जनता पार्टी शासित प्रदेशों में कानून-व्यवस्था एक बड़ी समस्या बनी हुई है, लेकिन पिछले 11 वर्षों से देश को साम्प्रदायिकता और नफ़रत फैलाने में ऐसा व्यस्त कर दिया गया है कि बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि के साथ इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर किसी का ध्यान नहीं हैय या यों कहें कि जाने नहीं दिया जा रहा। रक्षा खडसे की बेटी अपनी कुछ सहेलियों के साथ शुक्रवार को जलगांव जिले के कोठली गांव में महाशिवरात्रि के अवसर आयोजित होने वाले धार्मिक मेले में घूमने गयी थी, जिसे श्संत मुक्ताई यात्राश् कहा जाता है। वहां कुछ मनचलों ने उनके साथ धक्का-मुक्की और छेड़खानी की। यहां तक कि उनके वीडियो भी बनाये, जबकि उनके साथ यूनिफॉर्म में सुरक्षाकर्मी भी थे। उनके साथ भी धक्का-मुक्की हुई। रक्षा खडसे ने रविवार को स्वयं थाने जाकर इसकी रिपोर्ट लिखाई तब कहीं जाकर पुलिस हरकत में आई और कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया। यह घटना छोटी लग सकती है लेकिन राहत इंदौरी ने जो इशारा अपने शेर में कर रखा है, वही इस घटना में छिपा हुआ संदेश है। केन्द्र सहित जिन राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं, उनमें अपराधों का ग्राफ बेतरह ऊपर जाने की तस्दीक स्वयं राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो अपने अधिकृत आंकड़ों में करता है। इनमें जघन्य अपराधों के साथ महिलाओं के उत्पीड़न, दुष्कर्म, उनकी हत्याओं जैसे जुर्म शामिल हैं। इसकी ओर जब ध्यान आकृष्ट किया जाता है तो स्थिति सुधारने की बजाये उनका बचाव किया जाता है या फिर उन राज्यों में होने वाले किसी अपराध की ओर उंगली उठा दी जाती है जहां गैर भाजपायी सरकार है। या कह दिया जाता है कि ऐसा भाजपा सरकार को बदनाम करने के लिये किया जा रहा है। यह रूझान भी देखने को मिलता है कि ऐसे अपराधों में हिन्दू-मुस्लिम का एंगल ढूंढा जाता है या फिर यह देखा जाता है कि इसमें कौन भाजपा समर्थक है और कौन गैर-भाजपायी। यदि अपराधी भाजपा से सम्बन्ध रखता है तो उस पर अपराध दर्ज नहीं होगा। उल्टे शिकायतकर्ता या पीड़ित पक्ष को ही लेने के देने पड़ जाते हैं।इस मामले में सब कुछ अलग है। यहां भाजपा की श्डबल इंजिनश् सरकार है। पीड़िता का सम्बन्ध भाजपा से ही है। उल्लेखनीय है कि रक्षा भाजपा के कद्दावर नेता व पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे की बहू हैं। यानी जिसके साथ छेड़छाड़ हुई है वह उनकी पोती है। साथ में महाराष्ट्र सरकार के मुहैया कराये सुरक्षा कर्मचारी भी थे। ऐसे में यदि उसके साथ अपराध होता है तो समझ सकते हैं कि कानून-व्यवस्था का क्या हाल है।भाजपा वालों के लिये अधिक दिक्कत यह है कि जिसे पकड़ा गया है व जिनकी तलाश है, उनमें उस जमात के लोग नहीं निकले जिनके होने की ख्वाहिश हर भाजपायी, उसके प्रवक्ता, आईटी सेल, और ट्रोल आर्मी करते हैं। अब उनके पास ऐसा कुछ नहीं रह गया कि वे भाजपा का बचाव कर सकें या इस पर किसी समुदाय विशेष, दल अथवा सरकार को घेरा जा सके। घृणा फैलाने या विष-वमन करने की उनकी रही-सही गुंजाइश पर खुद रक्षा खडसे ने यह बयान देकर पानी फेर दिया कि, जब मंत्री की बेटी सुरक्षित नहीं है तो आम आदमी के साथ क्या होता होगा?श् एकनाथ खडसे ने तो अपनी सरकार को ही यह कहकर घेर लिया कि, महाराष्ट्र में अपराध बढ़े हैं और अपराधियों को पुलिस का डर नहीं रहा।श् वैसे मुख्यमंत्री देवेन्द्र इसे एक राजनीतिक दल से जुड़े लोगों की करतूत बता रहे हैं। उल्लेखनीय है कि यह वही महाराष्ट्र है जिसमें पालघर में दो साधुओं की हत्या के बाद भाजपा ने तत्कालीन उद्धव ठाकरे सरकार को हिन्दू विरोधी करार दिया था। भाजपा द्वारा अपराधों के राजनीतिकरण और दोहरे रवैये की बानगी देश तभी से देख रहा है जब से नरेन्द्र मोदी सरकार केन्द्रीय सत्ता में आई है। हिन्दू वोटों के ध्रुवीकरण के लिये भाजपा ने देश को अपराधों की दुनिया में धकेल दिया है। ऐसा कहना गलत नहीं होगा कि इसका नेतृत्व स्वयं मोदी एवं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह करते हैं। कथित बुलडोजर न्याय वाला उत्तर प्रदेश महिलाओं के खिलाफ अपराधों में अव्वल है। हाथरस, उन्नाव आदि की घटनाओं में पीड़िताएं ही प्रताड़ित हुईं। मणिपुर की वह घटना कौन भूलेगा जिसमें ईसाईयत में विश्वास करने वाले कुकी आदिवासी समुदाय की दो युवतियों के साथ हिन्दू धर्म में आस्था रखने वाले मैतेयी लोगों ने क्या सलूक किया था। उनके साथ बलात्कार हुआ फिर उनकी नग्न परेड निकाली गयी। लगभग दो साल पहले हुए इस नृशंस मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई तो दूर, वहां की सरकार और मोदी-शाह दोनों मौन रहे। यह मामला दुनिया भर में गूंजा था तथा जो बाइडेन के राष्ट्रपति रहते जब मोदी ने अमेरिका की यात्रा की थी, तब उनसे सवाल भी किये गये थे। यह भी याद रखा जाना चाहिये कि महिला पहलवानों के साथ बदसलूकी करने वाले भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। और तो और, इस बार उनकी कैसरगंज सीट पर उनके पुत्र करण को सांसद बनाया गया।

## सौदेबाजी का ट्रंप कार्ड

बीते शुक्रवार अमेरिका के व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच जो अप्रिय विवाद हुआ, उसे पूरी दुनिया ने देखा। विश्व की महाशक्ति कहे जाने वाले अमेरिका में दो राष्ट्राध्यक्षों के बीच पहली बार ऐसी तीखी नोकझोंक देखने को मिली। शायद यह मामला उजागर न होता यदि दोनों नेता प्रेसवार्ता में टीवी कैमरों के सामने न बैठे होते। दरअसल, एक तरफ बड़बोले ट्रंप थे तो दूसरी ओर कूटनीति में अपरिपक्व कहे जाने वाले जेलेंस्की थे, जो रूस से निरंतर खतरे को देखते हुए सुरक्षा की गारंटी मांग रहे थे। वहीं ट्रंप यूक्रेन को दी मदद की कीमत उसके खनिज भंडारों पर कब्जे के रूप में मांग रहे थे। निस्संदेह, तीन साल से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध में अमेरिका ने यूक्रेन की भरपूर मदद की। यदि यूक्रेन युद्ध में टिक पाया तो उसके पीछे अमेरिका व यूरोपीय देशों की आर्थिक व सैन्य मदद थी। लेकिन सत्ता बदलने के बाद ट्रंप कहते रहे हैं कि अमेरिका के करदाताओं का पैसा यूं युद्ध में नहीं झोंका जा सकता,यूक्रेन को मदद की कीमत चुकानी होगी। वैसे खुलेआम युद्ध विराम के लिये सौदेबाजी से अमेरिका की छवि को लेकर कोई अच्छा संदेश दुनिया में नहीं गया। निस्संदेह, ट्रंप की युद्धविराम की कोशिश सार्थक पहल है लेकिन शांति की कीमत वसूलना सभ्य समाज के लिये कोई अच्छी बात भी नहीं है। दरअसल, यूक्रेन प्रस्तावित समझौते में खुद को छला महसूस कर रहा है। एक तो रूस के द्वारा कब्जाये क्षेत्र को वापस न देने की बात की जा रही है तो दूसरे इस बात की गारंटी भी नहीं दी जा रही है कि रूस फिर से हमला नहीं करेगा। दरअसल, जेलेंस्की रूस पर भरोसा नहीं कर पा रहे हैं। इस लिये उसकी सोच रही है कि पहले अमेरिका उसे सुरक्षा की गारंटी दे। ऐसी मांग करना कोई गलत भी नहीं है क्योंकि पिछले तीन साल से यूक्रेन लगातार रूस के घातक हमलों को झेल रहा है। लेकिन पूरी दुनिया में यह बात लोगों के गले नहीं उतर रही है कि ट्रंप शांति स्थापना के प्रयासों की कीमत यूक्रेन के बहुमूल्य खनिज कब्जाकर वसूलें। फिलहाल ट्रंप व जेलेंस्की की नोकझोंक के बाद समझौता व युद्धविराम का मसला खटाई में जाता दिख रहा है। लेकिन हकीकत यह भी है कि यूरोपीय देशों के यूक्रेन के पक्ष में एकजुट होने के बाद भी उसका लंबे समय तक युद्ध में टिका रहना संभव न होगा। यही वजह है कि यूरोप के भरपूर समर्थन के बावजूद निश्चित नहीं कहा जा सकता कि यूक्रेन रूस का मुकाबला पहले ही तरह कर पाएगा। वहीं वजह साफ है कि नाटो के यूरोपीय सदस्य बिना अमेरिकी मदद के यूक्रेन को सुरक्षा की गारंटी नहीं दे सकते। वहीं दूसरी ओर कूटनीतिज्ञों का कहना है कि एक महाशक्ति से युद्धरत रहते हुए यूक्रेन दूसरी महाशक्ति को नाराज नहीं कर सकता। दरअसल, यूक्रेन में रूस ही नहीं, अमेरिका व यूरोपीय देश भी अपने हित देखकर कदम उठा रहे हैं। कहा जा रहा है कि ट्रंप से टकराव की कीमत यूक्रेन को चुकानी पड़ सकती है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि जेलेंस्की के व्हाइट हाउस आने से पहले ट्रंप जोर्डन, ब्रिटेन, फ्रांस के शीर्ष नेताओं के साथ तल्ख व्यवहार कर चुके थे। हालांकि, भारतीय प्रधानमंत्री ट्रंप से मुलाकात के दौरान किसी भी टकराव को टालने को अपनी प्राथमिकता बनाए रहे।

# नशे के खिलाफ महत्वाकांक्षी युद्ध कारगर साबित हो

ललित गर्ग

> "ड्रग्स उपभोग के मामले में पंजाब की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बन गई है। पंजाब के 26 प्रतिशत युवा चरस, अफीम तथा कोकीन व हेरोइन जैसे सिंथेटिक ड्रग्स लेने में लिप्त हैं। इसमें शराब आदि का डाटा शामिल नहीं है।"

पंजाब में आतंकवाद की ही तरह नशे एवं ड्रग्स के धंधे ने व्यापक स्तर पर अपनी पहुंच बनाई है, जिसके दुष्परिणाम पंजाब के साथ-साथ समूचे देश को भोगने को विवश होना पड़ रहा है। पंजाब नशे की अंधी गलियों में धंसता जा रहा है, सीमा पार से शुरू किए गए इस छद्म युद्ध की कीमत पंजाब की जनता को चुकानी पड रही है, देर आये दुरस्त आये की भांति लगातार चुनौती बने नशीली दवाओं एवं ड्रग्स के धंधे के खिलाफ आप सरकार ने एक महत्वाकांक्षी युद्ध एवं अभियान शुरू किया है। तीन महीने के भीतर इस समस्या का खात्मा करने का सरकार दावा खोखला साबित न होकर सकारात्मक एवं प्रभावी परिणाम लाये, यह अपेक्षित है। इसी क्रम में विभिन्न सरकारी विभागों ने सैकड़ों छापे डाले, तीन सौ के करीब गिरफ्तारियां और बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों की बरामदगी हुई। निस्संदेह, यह कार्रवाई अभियान उग्र, आक्रामक व तेज है, लेकिन ऐसे अभियान चलाने के दावे विगत की भांति कोरा दिखावा न साबित हो, यह देखना जरूरी है। दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान में हेरोइन उत्पादन के केंद्र- गोल्डन क्रिसेंट के निकट होने के कारण पंजाब लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी से जूझ रहा है। जरूरत है मान सरकार का नशा एवं नशे के कारोबार के खिलाफ जारी अभियान कामयाबी की नई इबारत लिखे। ताकि नशे के जाल में फंसे युवाओं एवं आमजन को बचाया जा सके। ड्रग्स उपभोग के मामले में पंजाब की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बन गई है। पंजाब के 26 प्रतिशत युवा चरस, अफीम तथा कोकीन व हेरोइन जैसे सिंथेटिक ड्रग्स लेने में लिप्त हैं। इसमें शराब आदि का डाटा शामिल नहीं है। पंजाब देश में ड्रग्स में सर्वाधिक संलिप्त राज्यों में आता है। यह डाटा गतदिनों गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में 'मादक पदार्थों की तस्करी एवं राष्ट्रीय सुरक्षा' पर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में सामने आया। पंजाब के बॉर्डर एरिया के गांवों व कस्बों में ही ड्रग्स की मार देखने को मिलती थी। सरकार नशे को खत्म करने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और देखने को मिलती है।




युवाओं की रगों में नशे का जहर घोला जा रहा है। बड़े शहर नशे के हॉट-स्पॉट बनते जा रहे हैं। बठिंडा, पटियाला, होशियारपुर, अमृतसर और लुधियाना जैसे बड़े शहरों में हालात चिंताजनक हैं। इसका असर प्रदेश की मौजूदा पीढ़ी पर ही नहीं, बल्कि आने वाली पुश्तों पर भी पड़ने लगा है। इस अभियान की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या हम इस समस्या की जड़ पर प्रहार करने का कोई प्रभावी उपक्रम कर रहे हैं? दरअसल, इस संकट के मूल में जहां राजनीतिक जटिलताएं, सीमा से जुड़ी समस्याएं, पाकिस्तान के षडयंत्र हैं, वहीं युवाओं के लिये रोजगार से जुड़े विकल्पों की भी कमी है। पंजाब में नशे की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट भी चिन्ता व्यक्त करता रहा है, अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए उसने पंजाब सरकार को फटकार भी समय-समय पर लगाई है। अगर कोई पडोसी देश चाहे तो नशे के आतंक से देश को खत्म कर सकता है। अगर बॉर्डर क्षेत्र सुरक्षित नहीं है तो कैसे सीमाओं की सुरक्षा होगी? नशा माफिया के आगे बेबस क्यों है पंजाब सरकार?' सुप्रीम कोर्ट की चिन्ता पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए वाजिब है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पूर्व में 'ड्रग्स-फ्री इंडिया' अभियान चलाने की बात कहकर इस राष्ट्र की सबसे घातक बुराई की ओर जागृति का शंखनाद किया है। विशेषत: पंजाब के युवा नशे की अंधी गलियों में धंसते जा रहे हैं, वे अपनी अमूल्य देह में बीमार फेफड़े और जिगर सहित अनेक जानलेवा बीमारियां लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। ड्रग्स के सेवन से महिलाएं बांझपन का शिकार हो रही हैं। पुरुषों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। पंजाब में औसत हर रोज एक व्यक्ति की ड्रग्स की ओवरडोज के कारण मौत हो रही है। नशे के ग्लैमर की चकाचौंध ने जीवन के अस्तित्व पर चिन्ताजनक स्थितियां खड़ी कर दी है। पाकिस्तान नशे के आतंक से अपने मनसूबों को पूरा कर रहा है। चिकित्सकीय आधार पर देखें तो अफीम, हेरोइन, चरस, कोकीन, तथा स्मैक जैसे मादक पदार्थों से व्यक्ति वास्तव में अपना मानसिक संतुलन खो बैठता है एवं पागल तथा सुप्तावस्था में हो जाता है। ये ऐसे उत्तेजना लाने वाले पदार्थ हैं, जिनकी लत के प्रभाव में व्यक्ति अपराध तक कर बैठता है। मामला सिर्फ स्वास्थ्य से नहीं अपितु अपराध से भी जुड़ा हुआ है। कहा भी गया है कि जीवन अनमोल है। नशे के सेवन से यह अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है या अपराध की अंधी गलियों में धंसता चला जाता है, पाकिस्तान युवाओं को निस्तेज करके एक नये तरीके के आतंकवाद को अंजाम दे रहा है। पंजाब सरकार की ताजा सख्त कार्रवाई का संदेश नशा माफिया को जाना जरूरी है कि इस काले कारोबार से जुड़े लोगों की दंडमुक्ति संभव नहीं है। इसके अलावा सीमा पार से चलाए जा रहे नशे के कारोबार के लिये पडोसी देश को भी कड़ा संदेश जाना चाहिए। नशे की तस्करी में तमाम आधुनिक साधनों का उपयोग किया जा रहा है। हालांकि, बीएसएफ ने पहल करते हुए एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाए हैं। जिसके सार्थक परिणाम भी मिल रहे हैं। पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए सीमा सुरक्षा को फुलप्रूफ करने की दिशा में कदम उठाए जाने चाहिये। जिसमें उच्च तकनीक व विभिन्न एजेंसियों में बेहतर तालमेल की जरूरत है।

# दिल्ली दंगों के 5 साल: किसी को सज़ा, किसी को इनाम

आलेख : मुकुल सरल

दिल्ली दंगे की पांच साल कहानी अगर एक लाइन में समझनी हो, तो सिर्फ़ इतनी है कि एक आरोपी उमर ख़ालिद को अभी तक ज़मानत नहीं मिली है और एक आरोपी (हालांकि दिल्ली पुलिस उन्हें आरोपी नहीं मानती) कपिल मिश्रा विधायक बनकर दिल्ली के क़ानून व न्याय मंत्री बन गए हैं। पांच साल पहले हुए दिल्ली के दंगे या कहें दिल्ली को जलाने की साज़िश के ज़ख़्म अभी नहीं भरे हैंज्इंसाफ़ नहीं मिला है। कहां खो गया इंसाफ़ज्! इन पांच सालों में क्या कुछ हुआ। कई बेगुनाह आज भी जेल की सलाख़ों के पीछे हैं और कई आरोपी आज भी बाहर हैं, आज़ाद घूम रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का टिकट लेकर विधायक और मंत्री बन गए हैं। आज से पांच साल पहले 23 फ़रवरी से 26 फ़रवरी, 2020 के बीच दिल्ली को जलाने की साज़िश की गई थी। दिल्ली के उत्तर-पूर्वी हिस्से को हमले का शिकार बनाया गया था। इस दंगे में क़रीब 53 लोगों की जान गई थी। सैकड़ों घायल हुए थे। चार दिनों तक चले इस दंगे में जान-माल का भारी नुक़सान हुआ था। कई घर और दुकानें जलाकर ख़ाक कर दी गईं थीं। आम बोलचाल में हम इसे दंगा कहते हैं, लेकिन सही शब्दों का इस्तेमाल किया जाए, तो यह एक हमला था। सीएए के विरोध में चले शाहीन बाग़ आंदोलन का बदला। आंकड़े इसकी गवाही देते हैं। दिल्ली पुलिस के आंकड़े बताते हैं कि मरने वालों में 40 मुसलमान और 13 हिंदू थे। लेकिन अफ़सोस इस हमले, इस दंगे के लिए भी सरकार और मीडिया ने एकतरफ़ा मुसलमानों को ही दोषी ठहराया। आज भी यही प्रचारित किया जाता है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और क्राइम ब्रांच का कहना है कि दिल्ली दंगों के पीछे एक गहरी साज़िश थी, जिसकी नींव 2019 में सीएए और एनआरसी के प्रदर्शनों के दौरान पड़ी। इस साज़िश का ज़िक्र एफ़आईआर नंबर 59/2020 में किया गया है। दिल्ली पुलिस जेएनयू के पूर्व छात्र नेता उमर




ख़ालिद को दिल्ली दंगों का मास्टर माइंड मानती है। विशेष लोक अभियोजक अमित प्रसाद ने दलील दी कि यह दंगा उस वक्त के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत दौरे के वक्त हिंसा पैदा करने की साज़िश का हिस्सा था। दंगों की शुरुआत उत्तर-पूर्वी दिल्ली के जाफ़राबाद में हुई थी, जहां सीलमपुर-जाफ़राबाद-मौजपुर मार्ग पर नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 के ख़िलाफ़ महिलाएं धरना दे रहीं थीं। उस समय भाजपा के नए नवेले नेता, कपिल मिश्रा ने दिल्ली पुलिस से सड़कों को खाली करने का आह्वान किया, जिसमें उन्होंने अपने समर्थकों की मदद से ख़ुद ऐसा करने की धमकी दी। इसके बाद ही दिल्ली में हिंसा भड़क उठी। इसके अलावा फ़रवरी 2020 में ही हुए चुनाव में भाजपा ने तमाम कोशिशों के बाद भी मुंह की खाई थी। तमाम जानकार कहते हैं कि इस हार से भी भाजपा बौखला गई थी। (इस बार इस हार का बदला ले लिया गया है। और 27 साल बाद भाजपा पूर्ण बहुमत से एक बार फिर दिल्ली की सत्ता में आ गई है।) इस तरह दंगों की भूमिका पहले ही बन चुकी थी लेकिन इसकी बलि चढ़े कई निर्दोष लोग। दिल्ली दंगों की हक़ीक़त पर 2022 में चार पूर्व जजों और देश के एक पूर्व गृह सचिव ने फ़ैक्ट फ़ाइंडिंग रिपोर्ट जारी की थी। रिपोर्ट ने दिल्ली पुलिस की जांच पर गंभीर सवाल उठाए थे। साथ ही केंद्रीय गृह मंत्रालय, दिल्ली सरकार और मीडिया की भूमिका पर भी सख़्त टिप्पणियां की गई थीं। इसी फ़ैक्ट फ़ाइंडिंग रिपोर्ट में बीजेपी नेताओं, जैसे कपिल मिश्रा के दिए हुए भाषण के लिए कहा गया था कि उन्होंने भी लोगों को उकसाया था, जिससे हिंसा भड़की थी। सामाजिक कार्यकर्ता हर्ष मंदर ने दिल्ली के पटियाला कोर्ट में एक याचिका डाल कर कहा था कि कपिल मिश्रा के ख़िलाफ़ एफ़आईआर दर्ज होनी चाहिए। ये याचिका अभी कोर्ट में लंबित है। वहीं जुलाई 2020 में दिल्ली पुलिस ने दिल्ली हाई कोर्ट में कहा था कि बीजेपी नेता कपिल मिश्रा और बाक़ी बीजेपी नेताओं के ख़िलाफ़ ऐसे कोई सबूत नहीं मिले हैं कि उनके भाषण से दंगा भड़का हो। अब यही कपिल मिश्रा दिल्ली चुनाव में भाजपा के टिकट पर करावल नगर से चुनाव लड़कर विधायक और मंत्री बन गए है। लेकिन मीडिया में दंगों में उनकी भूमिका पर कोई चर्चा नहीं है। तमाम मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक पुलिस ने दंगों से जुड़ी कुल 758 एफ़आईआर दर्ज की है। 2024 में छपी रिपोर्टों के मुताबिक इनमें तब तक कुल 2619 लोगों की गिरफ़्तारी हुई थी, जिनमें से 2094 लोग ज़मानत पर बाहर हैं। अदालत ने अब तक सिर्फ़ 47 लोगों को दोषी पाया है और 183 लोगों को बरी कर दिया। वहीं 75 लोगों के ख़िलाफ़ पर्याप्त सबूत ना होने के कारण कोर्ट ने उनका मामला रद्द कर दिया है। दिल्ली दंगों में ड्यूटी के दौरान मारे गए हेड कॉन्स्टेबल रतन लाल के मामले में दिल्ली पुलिस ने अब तक कम से कम 24 लोगों को गिरफ़्तार किया, जिनमें से 10 ज़मानत पर रिहा हो गए हैं। वहीं इंटेलिजेंस ब्यूरो में काम करने वाले अंकित शर्मा की हत्या मामले में 11 अभियुक्त फ़िलहाल गिरफ़्तार हैं। अंकित शर्मा का शव चांद बाग़ के एक नाले में 26 फ़रवरी, 2020 को मिला था। लेकिन जैसे फैक्ट फाइंडिंग टीम का कहना है कि दिल्ली दंगों में एक और आरोपी है और वह है दिल्ली पुलिस। इन दंगों को होने देने और रोकने में देरी के लिए दिल्ली पुलिस की भूमिका पर लगातार सवाल उठे हैं। साथ ही उस पर बर्बरता के भी आरोप हैं। सितंबर 2024 में दंगों के एक मामले में कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की %थ्योरी% पर सवाल उठाते हुए 10 अभियुक्तों को सभी मामलों से बरी कर दिया था। यह सभी मुस्लिम समुदाय से थे। इन सभी अभियुक्तों पर आरोप लगाए गए थे कि दंगों के दौरान उन्होंने उत्तर पूर्वी दिल्ली के गोकुलपुरी थाने क्षेत्र के एक घर और दुकान पर हमला किया था। दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्या प्रमचाला ने कहा कि %अभियुक्तों के ख़िलाफ़ लगे आरोप संदेह से परे साबित नहीं हुए।% इन चार-पांच सालों में कई बार अदालत में सुनवाई के दौरान ऐसे मौक़े आए, जब कोर्ट ने दिल्ली पुलिस पर सख़्त टिप्पणी की और उनकी जाँच के स्तर को ख़राब बताया। अगस्त, 2023 में दयालपुर पुलिस थाना की एफ़आईआर नंबर 71/20 केस में तीन लोगों की दंगा फ़ैलाने के मामले में हुई गिरफ़्तारी पर सुनवाई करते हुए कड़क़डूमा कोर्ट ने कहा था, %%इन घटनाओं की ठीक से और पूरी तरह से जांच नहीं की गई है। मामले में चार्जशीट पूर्वाग्रह और ग़लत तरीक़े से दायर की गई है ताकि शुरुआत में हुई ग़लतियों को छिपाया जा सके।%% सितंबर 2021 में दिल्ली के कड़कड़डूमा अदालत ने टिप्पणी की थी, %%आज़ादी के बाद हुए दिल्ली के सबसे भीषण सांप्रदायिक दंगे को इतिहास देखेगा, तो इसमें जांच एजेंसियों की नाकामी पर लोकतंत्र समर्थकों का ध्यान जाएगा कि किस तरह से जाँच एजेंसियां वैज्ञानिक तौर तरीक़े का इस्तेमाल नहीं कर पाईं।%% पुलिस की इस जांच और रवैये की वजह से कई नौजवान आज भी जेलों में बंद हैं। नवंबर 2024 की ख़बर है कि सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली दंगों की आरोपी गुलफ़िशा फातिमा को अपनी तरफ से जमानत देने से मना किया, लेकिन दिल्ली हाई कोर्ट से कहा कि वह गुलफ़िशा की बेल याचिका पर जल्द सुनवाई करे। गुलफ़िशा के लिए पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल का कहना था कि वह 4 साल से जेल में है। काफी समय से हाई कोर्ट में जमानत याचिका लंबित है। इससे पहले 25 अक्टूबर 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने दंगों के एक और आरोपी शरजिल इमाम के मामले में भी यही आदेश दिया था। हालांकि मार्च 2022 में ही दंगों में आरोपी पार्षद इशरत जहां को जमानत मिल गई। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने इशरत जहां को यू ए पी ए के तहत गिरफ्तार किया था। कांग्रेस की पूर्व पार्षद इशरत जहां की तरफ से अदालत में जमानत याचिका दायर की गई थी। इस याचिका में कहा गया था कि पुलिस के पास इशरत के ख़िलाफ़ एक भी सबूत नहीं है। इससे पहले जून 2021 में दंगे के ही आरोप में यूएपीए की धाराओं में गिरफ्तार पिंजरा तोड़ कार्यकर्ता देवांगना कलीता, नताशा नरवाल और जामिया के छात्र आसिफ इक़बाल तन्हा को दिल्ली हाईकोर्ट ने जमानत दे दी थी। उस समय हाईकोर्ट ने कहा था कि भड़काऊ भाषण देना या चक्का जाम करना उस समय असामान्य बात नहीं है, जब सरकार व संसद के कार्यों का व्यापक स्तर पर विरोध हो रहा हो। अगर हम मान भी लें कि भड़काऊ भाषण, चक्का जाम, महिलाओं को प्रदर्शन के लिए उकसाना और अन्य कार्य जिनका आरोप हैं, अगर संविधान में दिए गए शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकार की सीमा का उल्लंघन करते हैं, तब भी आतंकी कृत्य, उसकी साज़िश या उसकी तैयारी के दायरे में नहीं कहे जाएंगे। लेकिन ऐसी सुविधा, टिप्पणियां और ज़मानत उमर ख़ालिद के नसीब नहीं हुई। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और क्राइम ब्रांच उमर ख़ालिद को दिल्ली दंगों का मास्टर माइंड मानती है। उमर सितंबर 2020 से जेल में हैं। उनके ऊपर यूएपीए के तहत आतंकवाद, दंगा फैलाने और आपराधिक साज़िश रचने जैसे कई आरोप लगे हैं। इस केस में अब तक मुक़दमा शुरू नहीं हो पाया है। उमर ख़ालिद की ज़मानत याचिका दो बार दो अलग-अलग अदालतों से ख़ारिज हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट में उनकी ज़मानत याचिका मई 2023 से जनवरी 2024 तक लंबित रही, लेकिन एक बार भी उस पर बहस शुरू नहीं हो पाई। इसके बाद हारकर उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से अपनी ज़मानत की अर्ज़ी वापस ले ली है और ये कहा है कि वो अब वापस ट्रायल कोर्ट जाएंगे। अब 20 फ़रवरी 2025 को दिल्ली हाईकोर्ट में उमर ख़ालिद की ज़मानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान उमर के वकील ने दिल्ली हाईकोर्ट में कहा कि महज व्हाट्सऐप ग्रुप का सदस्य होना किसी अपराध में शामिल होने का सबूत नहीं है। उमर के वकील त्रिदिप पेस ने अदालत से कहा कि उमर ख़ालिद लंबे समय से विचाराधीन कैदी के रूप में हिरासत में है। उन्होंने कहा कि ट्रायल में देरी भी एक वजह है, जिसके चलते उमर ख़ालिद को ज़मानत मिलनी चाहिए। पेस ने कहा कि इस मामले के जिन चार आरोपियों को ज़मानत मिली है, उनसे समानता के आधार पर उमर ख़ालिद को भी ज़मानत मिलनी चाहिए। जस्टिस नवीन चावला की अध्यक्षता वाली बेंच ने अब जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 4 मार्च को करने का आदेश दिया है। तो इस तरह देखा जाए कि दिल्ली दंगे के बाद पांच साल कैसे आगे बढ़े और इंसाफ़ कहां पहुंचा तो सिर्फ़ इतना ही कहा जा सकता है कि एक आरोपी उमर ख़ालिद या फिर गुलफ़िशा या शरजील इमाम को अभी तक ज़मानत नहीं मिली और एक आरोपी (हालांकि दिल्ली पुलिस उन्हें आरोपी नहीं मानती) कपिल मिश्रा विधायक बनकर दिल्ली सरकार में क़ानून व न्याय मंत्री बन गए हैं। इसी के साथ उन्हें विकास, कला और संस्कृति विभाग, भाषा विभाग, पर्यटन विभाग, श्रम विभाग और रोज़गार विभाग मिला है। 24 फ़रवरी से दिल्ली की नई विधानसभा का सत्र शुरू हो गया है। और सबसे पहले सदन के पटल पर सीएजी की रिपोर्ट रखी जानी हैं, अच्छा होता कि सबसे पहले दिल्ली दंगों में जांच की प्रगति की रिपोर्ट रखी जाती और बताया जाता कि इन पांच सालों में देश के गृहमंत्री अमित शाह के अंडर में आने वाली पुलिस ने इंसाफ़ के लिए क्या किया।

# आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के वेतन का मुद्दा फिर गरमाया

डॉ. ज्ञान पाठक

मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं (आशा) और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को वेतन देने का मुद्दा फिर गरमाया है। केंद्रीय बजट 2025-26 में न तो उन्हें कर्मचारी का दर्जा देने का वायदा किया गया है, जिससे उन्हें न्यूनतम वेतन भी नहीं मिल पा रहा है, और न ही उन्हें स्वयंसेवक के तौर पर दिये जा रहे मानदेय और प्रोत्साहन राशि में कोई बढ़ोतरी की गयी है। आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता जितना काम और समय दे रही हैं, उसके बदले उन्हें कोई उचित वेतन नहीं मिल रहा है और इस तरह उनका शोषण जारी है। आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पिछले कई सालों से कर्मचारी या कामगार का दर्जा और उचित वेतन की मांग को लेकर आंदोलन कर रही हैं, लेकिन केंद्र सरकार उन्हें दोनों ही देने से इनकार कर रही है। दूसरी ओर राज्य सरकारों का कहना है कि वे केंद्रीय योजना कर्मी हैं और इसलिए केंद्र सरकार को उनकी मांग पर फैसला लेना है। राज्य गेंद केंद्र के पाले में फेंक देते हैं और केंद्र कहता है कि राज्य उनका मानदेय और प्रोत्साहन बढ़ा सकते हैं। हाल ही में केरल सरकार का उदाहरण लें, जहां आशा कार्यकर्ता वर्तमान में सचिवालय के सामने प्रदर्शन कर रही हैं। हालांकि राज्य सरकार ने आशा कार्यकर्ताओं के मानदेय और प्रोत्साहन का पूरा बकाया जारी कर दिया है, लेकिन राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ने यह कहते हुए इस मुद्दे से अपना पल्ला झाड़ लिया कि आशा कार्यकर्ताओं के लिए क्या सही है, यह केंद्र पर निर्भर करता है। यहां तक कि सीआईटीयू के नेतृत्व वाली आशा कार्यकर्ता फेडरेशन ने भी कहा है कि राज्य सरकार नहीं, बल्कि केंद्र उन्हें उनका हक नहीं दे रहा है। केरल के कुछ जिलों में मौजूदा हड़ताल का नेतृत्व कर रही आंदोलनकारी आशा स्वास्थ्य कार्यकर्ता संघ ने संकल्प लिया है कि वे अपना आंदोलन और तेज करेंगे और तब तक लड़ते रहेंगे जब तक कि सरकार उनके मासिक मानदेय को 7,000 रुपये से बढ़ाकर 21,000 रुपये करने और 5 लाख रुपये के सेवानिवृत्ति लाभ की मांग को स्वीकार नहीं कर लेती। हाल ही में, पूर्व केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री और भाजपा नेता वी मुरलीधरन, जिन्होंने आंदोलनरत आशा कार्यकर्ताओं से बात की थी, ने यह कहने की हिम्मत की कि राज्य को आशा कार्यकर्ताओं की नियमित कार्यबल के रूप में रोजगार की स्थिति बदलने और उन्हें नियमित वेतन और लाभ देने का पूरा अधिकार है। फिर सवाल यह है कि केंद्र में उनकी पार्टी भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार को ऐसा क्यों नहीं करना चाहिए? हाल ही में दिल्ली में चुनाव प्रचार के दौरान आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को कार्यकर्ता का दर्जा और उचित वेतन देने का मुद्दा उठाया गया था। दिल्ली में अकुशल श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन 18,066 रुपये प्रति माह है। दिल्ली में आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को न्यूनतम वेतन से बहुत कम मानदेय मिल रहा है। राज्य जो कर रहे हैं, वह दिखावा मात्र है। इसका ताजा उदाहरण पश्चिम बंगाल से लिया जा सकता है, जहां सरकार ने आशा कार्यकर्ताओं को मोबाइल फोन देने की घोषणा की है, ताकि वे समय पर डेटा फीड कर सकें। हालांकि, इसके आधार पर आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के अभी भी जारी शोषण को उचित नहीं ठहराया जा सकता। केन्द्र द्वारा राज्य सभा दिये गये जवाब में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने अगस्त 2024 में आशा कार्यकर्ताओं को सामुदायिक स्वास्थ्य स्वयंसेवक माना था और उन्हें कार्य और गतिविधि आधारित प्रोत्साहनों का हकदार माना था। आशा कार्यकर्ताओं को नियमित और आवर्ती गतिविधियों के लिए 2000 रुपये प्रति माह का एक निश्चित मासिक प्रोत्साहन मिलता है। इसके अतिरिक्त, उन्हें विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के तहत विभिन्न गतिविधियों के लिए प्रदर्शन-आधारित प्रोत्साहन प्रदान किये जाते हैं। राज्योंध्केंद्र शासित प्रदेशों को अपने कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (पीआईपी) में आशा कार्यकर्ताओं को कई तरह के मौद्रिक प्रोत्साहन प्रदान करने का लचीलापन भी दिया गया है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर के संचालन के साथ आयुष्मान भारत योजना के शुभारंभ के बाद, आशा कार्यकर्ता अब निगरानी किये गये प्रदर्शन संकेतकों (प्रति माह 1000 रुपये तक) के आधार पर एएनएम के साथ टीम आधारित प्रोत्साहन (टीबीआई) के लिए भी पात्र हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत, भारत सरकार राज्यों,केंद्र शासित प्रदेशों को उनके समग्र संसाधन लिफाफे के भीतर, उनके कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (पीआईपी) के माध्यम से उनकी आवश्यकताओं के आधार पर, उनकी स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने के लिए वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करती है। यह ध्यान देने योग्य है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसका केंद्र-राज्य के बीच वित्त पोषण पैटर्न 8 पूर्वोत्तर राज्यों और 3 हिमालयी राज्योंध्केंद्र शासित प्रदेशों (हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश) को छोड़कर सभी राज्यों के लिए 60रू40 है। हिमाचल, उत्तराखंड, तथा जम्मू और कश्मीर, में वित्त पोषण पैटर्न 90रू10 है। बिना विधानमंडल वाले केंद्र शासित प्रदेशों में यह योजना 100प्रतिशत केंद्र द्वारा वित्त पोषित है। स्वास्थ्य मानव संसाधन से संबंधित सभी प्रशासनिक और कार्मिक मामले संबंधित राज्य,केंद्र शासित प्रदेश सरकारों के पास हैं। आशा द्वारा किये गये विरोध प्रदर्शनों के विवरण पर राज्योंध्केंद्र शासित प्रदेशों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर राज्य स्तरीय बैठकोंध्राष्ट्रीय कार्यक्रम समन्वय समिति की बैठकों में चर्चा की गयी है, केन्द्र ने संसद को दिये जवाब में स्वीकार किया। हालांकि, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शनों के बावजूद केंद्र ने अभी तक उचित निर्णय नहीं लिया है। आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिये जाने वाले कुल मानदेय और प्रोत्साहन में भी राज्यवार बहुत अंतर है।

# महिला दिवस पर हुआ भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**आजमगढ़।** महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के तत्वधान में राजभवन के निर्देश के क्रम में भाषण प्रतियोगिता और नाटक प्रतियोगिता का वृहद आयोजन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय परिसर के छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त काफी संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सहभाग किया। भाषण प्रतियोगिता के मुख्य विषय दहेज प्रथा उन्मूलन ,बाल विवाह पर प्रतिबंध ,विकसित भारत की संकल्पना, वृद्ध आश्रम की जरूरत क्यों है, कृषि क्षेत्र में महिलाओं का योगदान ।इसके साथ ही नाटक प्रतियोगिता में अहिल्याबाई होलकर ,द्रौपदी वस्त्रहरण ,श्रवण कुमार की अपने माता-पिता के प्रति भक्ति ,भगवान कृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया गया उपदेश ,राम वनवास भरत मिलाप आदि विषय पर छात्रों ने अपने प्रदर्शन से न सिर्फ उपस्थित लोगों का मन मोह लिया अपितु निर्णायक मंडल के लिए परेशानी का सबक




बन गए क्योंकि निर्णायक मंडल को यह समझ में नहीं आ रहा था की किसे प्रथम करूं और किसे द्वितीय ।आजमगढ़ से लेकर मऊ जनपद के छात्र-छात्राओं ने पूरे मनोयोग से कार्यक्रम में सहभाग किया तथा अन्य सहभागियों का प्रदर्शन देखकर लुफ्त भी उठाया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजीव कुमार ने कहा कि जो छात्र-छात्राएं किन्ही कारण से प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान नहीं प्राप्त कर सके वह बिल्कुल ही निराश ना हो क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा होती है ।प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तरीके से इसलिए मैं हर ऊर्जा का उपयोग करना जानता हूं ।पुनः उन्होंने अपने पठन-पाठन एवं संघर्ष का उदाहरण देते हुए अवगत कराया कि यदि संघर्ष करोगे तो आने वाला कल



आपका होगा ।आराध्य देव राम वन गए तो बन गए ध्यान रखें संघर्ष का रास्ता मंजिल तक पहुंचना है।

जीवन में शॉर्टकट कभी नहीं अपनाये अन्यथा की दशा में सफलता आते-आते दूर चली जाएगी आराध्य देव राम जब तक अयोध्या में थे सिर्फ राम कहलाए जब वे संघर्ष का रास्ता चुने अत्याचार अनाचार व विचार दुराचार का समापन करके वापस लौटे पुरुषोत्तम श्री राम कहलाए ।संघर्ष का कोई विकल्प नहीं है इसलिए सामने बैठे सभी छात्र-छात्राओं से अनुरोध है कि वे पूरे मनोयोग से पठन-पाठन करें यदि तो जीवन की प्रगति बाधित होगी अपने संबोधन में उन्होंने छात्रों से अभी अपेक्षा की कि यदि विश्वविद्यालय आये तो उसे आप सहजता से ग्रहण करें निश्चित ही हार एवं जीत जीवन के अंग हैं ।कुलपति ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को माल्यार्पण एवं प्रशस्ति पत्र देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांस्कृतिक परिषद की अध्यक्ष प्रोफ़ेसर गीता सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन निश्चय ही न केवल महिलाओं को अपितु समाज को एक सकारात्मक दिशा देने का कार्य करेगा। उन्होंने आए हुए सभी आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा तथा कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रूप में प्रोफेसर हसीन खान, डॉ युवराज सिंह, डॉ जय प्रकाश यादव, डॉ अतुल कुमार यादव ,डॉ नसीम अहमद ,डॉ शुभम राय, डॉ सपना त्रिपाठी, डॉ रेनू तिवारी ,डॉ सर्वेश तिवारी, प्रोफ़ेसर गीता सिंह के साथ-साथ महिला अध्ययन केंद्र की संयोजिका डॉ प्रियंका सिंह सदस्य के रूप में डॉ निधि सिंह, डॉ वैशाली एवं डॉ धीरज आदि की सक्रिय सहभागिता रही।

## ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का किया गया आयोजन




**अदलहाट, मिर्जापुर।** ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल गरौडी अदलहाट में सोमवार को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबन्धक अनेश कुमार सिंह ने बताया कि सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों के बीच ज्ञान का विकास करना है। बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए बच्चों के बीच प्रतियोगिता जरूरी होता है इससे बच्चों में निर्भिक/ प्रोत्साहित होकर पढने की क्षमता बढ़ती है। प्रधानाचार्य सतीश कुमार ने बताया कि सामान्य ज्ञान का आयोजन प्रत्येक महीने में आयोजित करवाया जाता है । प्रतियोगिता में कक्षा 2 से कक्षा 6 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कुल 80 छात्र / छात्राओं में से 75 छात्र / छात्राएं उपस्थित रहीं।विद्यालय के डायरेक्टर सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि ज्ञान उन्नति का आधार ही है ज्ञानोदय , ज्ञानोदय का उद्देश्य है छात्र/छात्राओं का शैक्षणिक उन्नयन करना है। इसमें अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा।ज्योति गिरी, शिल्पा सिंह ,संजू देवी, स्वर्णलता , रेखा पांडेय, खुशी पांडेय ,निराला मौर्य व स्वेता कुमारी के देखरेख में प्रतियोगिता सकुशल सम्पन्न हुआ।

## युवाओं को ऋण उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल एवं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने हाथ मिलाया

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत युवाओं को गति के साथ ऋण उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के अयोध्या रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता एवं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के लखनऊ महाप्रबंधक राजेश कुमार ने हाथ मिलाया तथा अधिक से अधिक युवाओं को ऋण उपलब्ध कराने की तैयारी की। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक राजेश कुमार ने उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता को पत्र सौंपते हुए युवाओं को ऋण दिलाने में उत्साह दिखाया। महाप्रबंधक राजेश कुमार एवं व्यापारीता संजय गुप्ता ने बताया अधिक से अधिक युवाओं को इस योजना के अंतर्गत ६5 लाख तक ब्याज मुक्त ,बिना सिक्योरिटी ऋण देने हेतु उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के यादव कॉम्प्लेक्स , निकट लेखराज मेट्रो स्टेशन ,अयोध्या रोड, लखनऊ पर 4 मार्च से 11 मार्च तक सुबह 11 बजे से सांयं 4 बजे तक ऋण आवेदन शिविर का आयोजन होगा इस अवसर पर मौजूद सहायक महाप्रबंधक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया राजकुमार ने जानकारी देते हुए बताया। इस योजना के अंतर्गत 21 वर्ष से लेकर 40 वर्ष तक के युवाओं को बिना गारंटी ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध हो सकेगा। युवाओं का सिबिल स्कोर 670 से अधिक होना चाहिए तथा न्यूनतम शैक्षिक योग्यता आठवीं पास होना चाहिए इस अवसर पर बोलते हुए उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा आदर्श व्यापार मंडल अधिक से अधिक युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास करेगा।

## बाइक सवार ट्रैक्टर से टकराकर गम्भीर रुप से हुआ घायल

**जमालपुर,मिर्जापुर।** विकास खण्ड जमालपुर थाना क्षेत्र के जेके स्टेट हाइवे स्थित ओइनवां चट्टी के पास अनियंत्रित बाइक सवार खड़ी ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से जाकर टकरा गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर ले आई जहां पर चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविशंकर चौहान पुत्र शंभूनाथ चौहान उम्र 30 वर्ष निवासी जमालपुर एक शादी समारोह मे बिहार से शामिल होकर के दोपहर को अपने घर जमालपुर आ रहा था, कि ओइनवां चट्टी के पास खड़ी ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से भिड़कर गंभीर रूप से घायल हो गया।मौके पर जुटे ग्रामीणों ने आनन-फानन में घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लें आए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया।

## विद्युत संविदाकर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत



**दुद्धी,सोनभद्र।** कोतवाली क्षेत्र के खजूरी ग्राम निवासी संगम गुप्ता(29) पुत्र स्वर्गीय योगेन्द्र कुमार की बीती रात्रि संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।परिजनों ने बताया कि रविवार की रात्रि करीब 9-30 बजे तक विद्युत कर्मियों के साथ मुहल्ले की लाइट बनवाता रहा। करीब 1 बजे अचानक तबियत खराब होने पर युवक के चिल्लाने की आवाज सुन उसकी माता ने आवाज दे कर पड़ोसियों को जगाया। आनन फानन में युवक को दुद्धी सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टर शाह आलम ने ईलाज शुरू किया लेकिन कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।मृतक विद्युत विभाग में संविदा पर एसएसओ पद पर दुद्धी पावर हाउस पर तैनात था।मिलनसार प्रवृति के युवक संगम के मौत होने की खबर सुनते ही परिजनों सहित शुभचिंतकों में शोक की लहर छा गई।

## शिक्षित युवा सेवा समिति द्वारा दिव्यांगों के लिए करियर परामर्श कार्यशाला का आयोजन




**बस्ती।** शिक्षित युवा सेवा समिति द्वारा सोमवार को प्रेस क्लब सभागार, गांधी नगर, बस्ती में एक दिवसीय करियर परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला इनेबल इंडिया के सहयोग एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुई, जिसमें विभिन्न श्रेणी के 40 से अधिक शिक्षित दिव्यांगजन युवाओं ने भाग लिया।इनेबल इंडिया से आई प्रतिनिधि कुमारी प्रतिभा ने इस कार्यशाला में दिव्यांगजनों के करियर एवं नौकरी से जुड़ी चुनौतियों, अवसरों और समाधान पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए दिव्यांग युवाओं को करियर निर्माण के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।कार्यशाला के प्रारंभ में शिक्षित युवा सेवा समिति के निदेशक, गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और इनेबल इंडिया का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस तरह की करियर एवं रोजगार उन्मुख गतिविधियों का आयोजन जारी रहेगा ताकि दिव्यांग युवाओं को सरकारी योजनाओं और उपलब्ध सुविधाओं का अधिकतम लाभ मिल सके।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, और इनेबल इंडिया की प्रतिनिधि कुमारी प्रतिभा ने भविष्य में भी सहयोग का आश्वासन दिया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से दिव्यांगजन राकेश कुमार सोनी, जहांगीर, शिवेंद्र, रामवृक्ष, आकांक्षा त्रिपाठी, शिक्षित युवा सेवा समिति के चंदेश्वर प्रसाद मिश्रा, राम सुरेश, जितेंद्र श्रीवास्तव, चांदनी त्रिपाठी, अनुसूया देवी, प्रतिभा सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। दिव्यांग युवाओं के साथ उनके परिवारजन भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## समेसी बाजार में अज्ञात वाहन के टक्कर से बाइक सवार गंभीर

**नगराम , लखनऊ।** निगोहा नगराम मार्ग स्थित समेसी बाजार में बीते रविवार की की शाम एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी , जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया । नगराम क्षेत्र के अब्बास नगर निवासी फूलचंद ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात वाहन के विरुद्ध मामला दर्ज कराते हुए बताया कि उसका भाई सर्वेश बाइक से रविवार की शाम किसी काम से समेसी बाजार गया था , और घर वापस लौट रहा था जैसे ही पशु चिकित्सा केंद्र के समीप पहुंचा तभी तेज रफ्तार , अनियंत्रित अज्ञात मारूति वैन ने जोरदार टक्कर मार दी । जिससे बाइक पर सवार उसका भाई अनियंत्रित हो सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया । राहगीरों की मदद से एम्बुलेंस से ट्रामा सेंटर ले गए परिजनों के मुताबिक घायल सर्वेश के पैर में चोट आई है , जिसका मोहनलालगंज स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। मामले में नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि मिली तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन व चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रही है।

### बोलेरो की चपेट में आने से बाइक सवार अधेड़ घायल

**नरायनपुर,मिर्जापुर।** नरायनपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत वाराणसी शक्तिनगर मुख्यमार्ग पर नरायनपुर बाईपास पर पोखरे के पास बोलेरो की चपेट में आने से 55 वर्षीय अधेड़ घायल हो गया। अधेड़ की बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। घायल ज्ञानदास पटेल निवासी करहट रोजाना की भांति अपने घर से नरायनपुर स्थित बाइक रिपेयरिंग की दुकान पर आ रहें थे , जैसे ही नरायनपुर बाईपास पर सड़क पार कर रहे थे कि वाराणसी की तरफ से जाती हुई बोलेरो ने टक्कर मारी दी। जिससे अधेड़ बाइक सहित सड़क पर ही गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना होने पर चालक बोलेरो लेकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल को प्राथमिक उपचार के लिए नरायनपुर के अस्पताल में भर्ती करा दिया।

## डा. प्रशांत को बांदा कुलपति द्वारा दिया गया उत्कृष्ट सेवा सम्मान

➲ विगत किसान दिवस पर मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ में किया गया था सम्मानित

➲ क्षेत्र के घरवासपुर गांव के हैं उद्यान वैज्ञानिक डा. प्रशांत

**अदलहाट,मिर्जापुर।** क्षेत्र के घरवासपुर गांव निवासी एवं कृषि वैज्ञानिक डॉ. प्रशांत कुमार को बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय बांदा ने दो मार्च की शाम को 15वें स्थापना वर्ष पर डॉ0 प्रशान्त कुमार को उनके सराहनीय कार्यों के लिए कुलपति डॉ. एस0 वि0 एस0 राजू एवं पद्मश्री डॉ0 आर0सी0 चौधरी ने उत्कृष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया तथा मंच से उनके द्वारा बुंदेलखंड में किए जा रहे कार्यों की सराहना की।इसके साथ ही अन्य वैज्ञानिकों को भी इसी प्रकार से किसानों की सेवा एवं सहयोग करने के लिए प्रेरित किया।क्षेत्र के घरवासपुर (पहाड़ी) गांव के स्व. एड. अशोक कुमार सिंह (कुंवर सिंह) के बड़े पुत्र डॉ. प्रशांत कुमार वर्तमान में बांदा जनपद के कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय बांदा में उद्यान वैज्ञानिक के पद पर कार्यरत हैं।डॉ. प्रशान्त के द्वारा बुंदेलखंड




जनपद के हमीरपुर में लगभग 250 से अधीक मुसम्मी, अमरूद, आम, नींबू एवं आंवला जैसी फसलों के नए बागों की स्थापना के साथ साथ बुंदेलखंड के अन्य जिलों के किसानों को उत्साहित करके उनके खेतों पर लगवाने में किसानों की सहायता की तथा सब्जी फसलों के क्षेत्र में देश के विभिन्न संस्थानों से 50 से अधिक नई प्रजातियों को किसानों के बीच में प्रदर्शित कर खेती की नई-नई तकनीकों के द्वारा किसानों को लगातार प्रशिक्षित करते रहे हैं।जिससे किसानों को खेती में जल संरक्षण की विभिन्न विधाओं जैसे ड्रिप सिंचाई पद्धति एवं स्प्रिंकलर पद्धति को अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही साथ किसानों को कृषि विभाग एवं उद्यान विभाग के अतिरिक्त अन्य विभागों से जोड़ने में अपनी सराहनीय भूमिका निभाई।जिससे बुंदेलखंड की कृषि में एक नई क्रान्ति का सृजन हुआ है। जिसका लाभ यहां के किसानों को मिला है।विगत माह डॉ. प्रशान्त कुमार के कृषि के क्षेत्र में किए जा रहे सराहनीय कार्य को देखते हुए किसान दिवस पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा भवन में आयोजित किसान सम्मान समारोह में सम्मानित किया था।इनकी इस उपलब्धि के लिए गांव के अजय कुमार,अखिलेश एवं छोटे भाई चंदन, निखिल,सुबास सिंह,केश नारायण सिंह,राजेश सिंह पटेल, ओमप्रकाश सिंह पटेल,विनय सिंह पटेल आदि ने बधाई दी है।

## बेमिसाल क्रांतिकारी रामकृष्ण खत्री की मनाई गई जयन्ती



**हमीरपुर।** सुमेरपुर आजादी के संघर्ष मे देशभक्तों के माहात्म्य के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्तावधान मे विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत एक बेमिसाल क्रातिकारी रामकृष्ण खत्री की जयन्ती 03 मार्च पर संस्था के अध्यक्ष डॉ0 भवानीदीन ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये कहा कि रामकृष्ण खत्री वास्तव मे मातृभूमि के पुजारी थे, खत्री के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है,इनका महाराष्ट्र के चिखली गांव में 03 मार्च 1902 को शिवलाल और कृष्णा बाई के घर जन्म हुआ था, ये छात्र जीवन में गाधी जी के विचारों से प्रभावित हो गये थे, क्रातिकारी आन्दोलन मे खत्री जी का अहम रोल रहा, खत्री जी की काकोरी ट्रेन डकैती में भी सराहनीय भूमिका रही, इन्हें इस सिलसिले मे 10 वर्ष की सजाम मिली थी, ये असि और मसि के क्षेत्र में माहिर थे, शहीदों की छाया मे इनकी एक महत्त्वपूर्ण कृति रही।आजाद भारत मे भी ये राष्ट्रसेवी रहे।कालान्तर मे 18 अक्टूबर 1996 मे 94 वर्ष की आयु मे ये लखनऊ मे खत्म हो गये थे।कार्यक्रम में अशोक अवस्थी,आयुष शिवहरे, प्रेम,संतोष, आशुतोष, रिचा,भोलूसिह, पंकजसिह, सिद्धा, प्रिन्स, सागर, अजय और दस्सी आदि शामिल रहे।

## मायावती के एक्शन पर बोले आकाश आनंद, मैं बहनजी के हर फैसले का सम्मान करता हूं...

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख द्वारा अपने भतीजे को पार्टी की सभी जिम्मेदारियों से मुक्त करने के फैसले के एक दिन बाद आकाश आनंद ने सोमवार को कहा, श्मैं बहन कुमारी मायावती जी का कैडर हूं। बसपा नेता मायावती ने एक दिन पहले रविवार को अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी की सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया और कहा कि अब उनके आखिरी सांस तक पार्टी में उनका कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा। अब इस मामले में आकाश आनंद ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर लंबी पोस्ट लिखकर अपना पक्ष रखा। आनंद ने कहा, ''मैं परमपूज्य आदरणीय बहन कुमारी मायावती जी का कैडर हूं, और उनके नेतृत्व में मैने त्याग, निष्ठा और समर्पण के कभी ना भूलने वाले सबक सीखे हैं, ये सब मेरे लिए केवल एक विचार नहीं, बल्कि जीवन का उद्देश्य हैं। आदरणीय बहन जी का हर फैसला मेरे लिए पत्थर की लकीर के समान है, मैं उनके हर फैसले का सम्मान करता हूं, उस फैसले के साथ खड़ा हूं। उन्होंने कहा, ''आदरणीय बहन कु. मायावती जी द्वारा मुझे पार्टी के सभी पदों से मुक्त करने का निर्णय मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से भावनात्मक है, लेकिन साथ ही अब एक बड़ी चुनौती भी है, परीक्षा कठिन है और लड़ाई लंबी है। आकाश ने कहा कि ऐसे कठिन समय में धैर्य और संकल्प ही सच्चे साथी होते हैं। बहुजन मिशन एवं मूवमेंट के एक सच्चे कार्यकर्ता की तरह, मैं पार्टी और मिशन के लिए पूरी निष्ठा से काम करता रहूंगा और अपनी आखिरी सांस तक अपने समाज के हक की लड़ाई लड़ता रहूंगा। उन्होंने कहा, कुछ विरोधी दल के लोग ये सोच रहे हैं कि पार्टी के इस फैसले से मेरा राजनीतिक करियर समाप्त हो गया, उन्हें समझना चाहिए कि बहुजन मूवमेंट कोई करियर नहीं, बल्कि करोड़ों दलित, शोषित, वंचित और गरीबों के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान की लड़ाई है। आनंद ने कहा, यह एक विचार है, एक आंदोलन है, जिसे दबाया नहीं जा सकता। इस मशाल को जलाए रखने और इसके लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने के लिए लाखों आकाश आनंद हमेशा तैयार हैं। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने रविवार को अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के नेशनल को-आर्डिनेटर तथा अपने उत्तराधिकारी समेत सभी पदों से हटा दिया था।

बीते एक साल के भीतर मायावती ने आकाश आनंद पर दूसरी बार कार्रवाई की है। साथ ही, उन्होंने घोषणा की थी कि अब उनके जीते-जी कोई उनका उत्तराधिकारी नहीं बनाया जाएगा। उन्होंने अपने भाई आनंद कुमार (आकाश के पिता एवं पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष) और केंद्रीय समन्वयक रामजी गौतम को नेशनल कोआर्डिनेटर बनाने के साथ देश भर में पार्टी संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी है।

## भारतीय स्टेट बैंक चुनार द्वारा नॉमिनी को दिया गया 20 लाख रुपए दुर्घटना बीमा का चेक




**चुनार,मिर्जापुर।** भारतीय स्टेट बैंक चुनार द्वारा एसबीआई जनरल इंश्योरेंस दुर्घटना बीमा राशि का भुगतान बीमा धारक के नॉमिनी दीप्ति सिंह पत्नी लल्लन सिंह निवासी उस्मानपुर को दिया गया। शाखा प्रबंधक शीतल सिंह ने बताया कि बीमा धारक लल्लन ने जनवरी 2024 में दुर्घटना बीमा योजना की पॉलिसी कराई थी जिनकी मृत्यु सड़क दुर्घटना में 4 जुलाई 2024 को हो गई जिनकी बीमा धनराशि बीमा धारक के नामिनी दीप्ति सिंह को भारतीय स्टेट बैंक चुनार द्वारा चेक के माध्यम से प्रदान किया गया। इस दौरान शाखा महाप्रबंधक राघवेंद्र कुमार सिंह, शाखा प्रबंधक सीतेश सिंह, क्षेत्राधिकार गोविंद झा, आर्यन वर्मा उपस्थित रहे।

## भाऊ राव देवरस राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का 50 वां वार्षिक क्रीड़ा समारोह 9 व 10 मार्च को




**दुद्धी, सोनभद्र।** तहसील अंतर्गत भाऊ राव देवरा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुद्धी सोनभद्र का 50 वां वार्षिक क्रीड़ा समारोह 9 और 10 मार्च 2025 को महाविद्यालय परिसर में संपन्न होगा। वार्षिक समारोह में विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिता के आयोजन के बीच प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। छात्र-छात्राओं को वार्षिक क्रीड़ा समारोह प्रतियोगिता में सम्मिलित होने की अपील की गयी है। इस आशय की जानकारी महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य रामसेवक यादव ने दी है।

### राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य 5 मार्च को जनपद में सुनेंगी महिलाओं की समस्याएं

**मिर्जापुर।** डा0 अर्चना मजूमदार सदस्य राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षता में 5 मार्च को पूर्वान्ह 10 बजे से जिला पंचायत सभागार मीरजापुर में ''राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार'' विषय पर महिला जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन होना है। जन सुनवाई कार्यक्रम में कोई भी महिला या बालिका जो किसी प्रकार की हिंसा, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न या अन्य उत्पीड़न से पीड़ित हो या उन्हे किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता है तो वे महिला/बालिकायें आयोजित महिला जन सुनवाई कार्यक्रम में उपस्थिति होकर अपने प्रकरण का निस्तारण करा सकती हैं। अधिक जानकारी के लिये जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय मीरजापुर या वन स्टॉप सेन्टर मीरजापुर से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# पुस्तक मेला में लगाये गये स्वास्थ्य शिविर में बांटी गयी पोषण किट

● क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए किया गया आयोजन




**रायबरेली।** आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी स्मृति न्यास के तत्वाधान में जिले में पहली बार आयोजित नौ दिवसीय पुस्तक मेला के दूसरे दिन शहर के फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज सभागार प्रांगण में परिचर्चा में विभिन्न विषयों के विद्वानों ने प्रतिभाग किया। विद्वानों ने कहा कि, किताबें जीवन बदलने का आधार हैं। कालेज के प्रबंध मंत्री इंजीनियर अतुल भार्गव ने कहा कि, पुस्तकें हमारे ज्ञान का भंडार हैं। पुस्तक पढ़ने से सोच का विस्तार होता है। लोगों को डिजिटल से हटकर किताबों की तरफ रुझान करना चाहिए। पुस्तक मात्र खरीद फरोख्त का माध्यम नहीं हैं बल्कि अध्ययन अध्ययन और अध्ययन जरूरी हैं। कालेज के प्राचार्य मनोज कुमार त्रिपाठी ने लक्ष्य गिरी का उदाहरण देते हुए बताया कि, पुस्तकों के बीच पढ़े और बैठे हैं। पुस्तकों के जरिए दूसरों के अनुभव के माध्यम से सब कुछ जाना जा सकता है। सिमहेंस हास्पिटल के निदेशक डॉ मनीष चौहान ने कहा कि, जीवन में सबसे अच्छा साथी किताब है। किताब पढ़ कर डॉक्टर बना हूं। पुस्तकों के माध्यम से उन्होंने मेडिकल की पढ़ाई किया। देश दुनिया में आज भी पुस्तकों का बड़ा महत्व है। पुस्तकों से हमें सर्वांगीण जानकारी मिलती है। पुस्तक मेले में दिल्ली, गाजियाबाद, आगरा, प्रयागराज, कानपुर के प्रकाशन और डिस्ट्रीब्यूटर ने अपने-अपने स्टॉल लगाए हैं। जिले में पहली बार आयोजित पुस्तक मेला अनोखी और अमिट छाप छोड़ रहा है। पुस्तक मेले में स्वास्थ्य षिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत किया गया था। क्षयरोग विभाग के सहयोग से लगाए गए इस शिविर में निरूक्षय स्वास्थ्य शिविर एवं अंगीकरण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चंद्रा के दिशा निर्देशन पर चल रहे 100 दिवसीय सघन टीबी खोज अभियान के तहत इस शिविर में 100 लोगों की बीपी और 56 लोगों की शुगर जांच की गई। इसके अलावा करीब 50 लोगों की बलगम जांच भी की गई। षिविर में 21 मरीजों को पोषण पोटली भी प्रदान की।

## लोन नदी में उतराता मिला लापता युवक का शव

**रायबरेली।** लापता युवक का शव मंगलवार की सुबह लोन नदी में उतराता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौका मुआयना करके जानकारी जुटाई। शव को नदी से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिवारी जनों ने हत्या करके शव नदी में फेंके जाने की बात कही। शव लालगंज थाना क्षेत्र के पूरे दिरगज मजरे लालूमऊ गांव के पास मिला। जानकारी के अनुसार सरेला गांव निवासी बबलू रैदास 35 पुत्र हरिशंकर सोमवार की सुबह घर से पड़ोसी गांव के ही एक व्यक्ति के खेत में पानी लगाने की बात कह कर घर से निकाला था। दोपहर के बाद उसका फोन बंद आने लगा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। लेकिन देर शाम तक उसका पता नहीं लग सका। सोमवार की शाम को उसके भाई दीपक उर्फ दीपू ने पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर थी। मंगलवार की सुबह ग्रामीणों के खोजबीन करने पर पूरे दिरगज गांव के निकट लोन नदी के किनारे पानी में उसका शव उतराता मिला। शव को पतावर से ढका गया था। परीजनों ने युवक की हत्या कर शव को नदी में फेके जाने के आशंका जताई। घटना की सूचना पर पहुंची टीम व पुलिस ने साक्ष्य संकलित किए हैं।

## पत्रकार एकता एसोसिएशन की मासिक बैठक हुई संपन्न



तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता हरदोई

शाहाबाद हरदोई। नवनीत शुक्ला द्वारा आयोजित पत्रकार एकता एसोसिएशन की बैठक संपन्न हुई। जिससे संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यपाल सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारा संगठन सिर्फ पत्रकार ही नही बल्कि समाज में हर उस व्यक्ति के साथ खड़ा है जो अपनी न्याय की लड़ाई लड़ने में असमर्थ है, संगठन ऐसे जरूरतमंदों की मदद करने को हर समय तैयार है। इस दौरान उन्होंने आये हुए सभी पदाधिकारीयों से कहा संगठन को मजबूती के साथ गति दो संगठन विस्तार करने की जिम्मेदारी हम सब की है। कार्यक्रम आयोजक नवनीत शुक्ला ने आये हुए सभी पदाधिकारीयों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रदेश महासचिव डॉ ममनून मंडल उपाध्यक्ष मुईन खान, मंडल उपाध्यक्ष सत्यदेव शुक्ला, मंडल महासचिव मानवेन्द्र कुमार, जिला प्रभारी राशिद खान जिला अध्यक्ष अमरीश सिंह जिला महासचिव अमित त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष नवनीत शुक्ला जिला उपाध्यक्ष मोहित गुप्ता जिला उपाध्यक्ष पवन बाजपेई जिला संगठन मंत्री कपिल मिश्रा, तहसील अध्यक्ष सवायजपुर रितेंद्र राजपूत तहसील महासचिव शाहबाद रामलड़ैते , सहित सैकड़ों की संख्या में पत्रकार व संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे?।

## मौसम की मार से बढ़े पेट दर्द और डायरिया के मरीज

तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता गाजीपुर

गाजीपुर। बदलते मौसम में लोग पेट दर्द और डायरिया का शिकार हो रहे हैं। मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में रोजाना करीब 150 पेट दर्द और डायरिया पीड़ित मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। चिकित्सक इन मरीजों को दवा के साथ मौसम से बचाव की सलाह दे रहे हैं। इन-दिनों मौसम में तेजी से बदलाव आ रहा है। सुबह और रात को मौसम सर्द रहता है तो दिन में गर्मी महसूस होती है। मौसम का यह बदलाव लोगों को बीमार कर रहा है। लोग पेट दर्द और डायरिया के शिकार हो रहे हैं। सरकारी अस्पतालों से लेकर निजी अस्पतालों में इन बीमारियों के पीड़ितों की संख्या बढ़ गई है। चिकित्सकों का कहना है कि खानपान की गलत आदतें व अनियमित दिनचर्या के कारण भी लोग डायरिया का शिकार हो रहे हैं। वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. वरुण चौधरी ने बताया कि गलत खानपान और अनियमित दिनचर्या से लोग डायरिया का शिकार हो जाते हैं। परेशानी होने पर तत्काल योग्य चिकित्सक का परामर्श लें। अपनी मर्जी से दवा लेने से बचें।

## विवाहिता की संदिग्ध मौत

तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता उन्नाव

उन्नाव। बीघापुर थाना क्षेत्र के ओसियां गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। सोमवार की देर शाम को 25 वर्षीय सीमा का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बता दे कि सीमा की शादी 10 महीने पहले ओसियां गांव के आशीष के साथ हुई थी। आशीष मुंबई में प्राइवेट नौकरी करता है। मृतका के पिता शिव बुधन ने बताया कि एक दिन पहले ही उन्होंने सीमा से फोन पर बात की थी। उस दौरान सीमा ने किसी परेशानी का जिक्र नहीं किया था। प्रारंभिक जांच में पुलिस इसे आत्महत्या का मामला मान रही है। ससुराल पक्ष का भी यही कहना है। हालांकि, पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। बीघापुर थाना प्रभारी राज पाल के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। परिजन पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की कार्रवाई तय होगी।

## आत्महत्या के दुष्प्रेरण का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता उन्नाव

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बारासगवर पुलिस द्वारा आत्महत्या के दुष्प्रेरण के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। बताते चले विगत दिनों श्रद्धा गुप्ता पत्नी स्व. राजकिशोर निवासिनी बक्सर थाना बारासगवर की लिखित तहरीर के आधार पर थाना बारासगवर पर मु.अ.सं. 32/2025 धारा 108/308(2) बीएनएस बनाम अंकित सिंह उर्फ दादा पुत्र विजय बहादुर सिंह उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम बक्सर थाना बारासगवर पंजीकृत है।

## गोमो आरपीएफ ने ट्रेन से बड़े पैमाने पर की अंग्रेजी शराब जब्त,एक हिरासत में



तीसरा विकल्प न्यूज़ ब्यूरो

धनबाद। गोमो आरपीएफ ने हटिया पटना सुपर एक्सप्रेस में ट्रेन में निरीक्षण के दौरान बड़े पैमाने पर विभिन्न ब्रांड के अंग्रेजी शराब को जब्त किया।जिसकी कुल कीमत 21 हजार रूपये आंकी जा रही है, युवक ने बताया कि वह शराब को तेलो से खगड़िया लेकर जा रहा था,युवक ने अपना नाम रबीन कुमार ठाकुर बताया तथा वह बिहार, बेगूसराय जिले के बलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत हसनपुरा का रहने वाला है।

## बिजली ट्रांसफार्मर की सुरक्षा को लेकर मधुबन के ग्रामीण पहरेदारी करेगे

तीसरा विकल्प न्यूज़ ब्यूरो



धनबाद। मधुबन दुर्गा मंदिर प्रांगण में बिजली की गंभीर समस्या व ट्रांसफार्मर की सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक संपन्न हुई।जिसकी अध्यक्षता भवानी ठाकुर व संचालन डेगलाल महतो ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा ट्रांसफार्मर लगाने के बाद उसकी सुरक्षा करना ग्रामीणों का कर्तव्य है।जिसको लेकर रात्रि पहरा को लेकर अलग अलग लोगो का कमिटी गठन किया गया। बैठक में कुलदीप प्रसाद महतो, बिरजू महतो,परशुराम महतो,भरत महतो,राजकुमार महतो,मुकेश महतो, मुक्तेश्वर महतो,बंशी महतो,जगदीश महतो,कैलाश महतो,किशोर महतो,प्रमोद कुमार,रुपमणी देवी, शाकुंतला देवी, शांति देवी,राजा घोष,विकास सिन्हा, धर्मचन्द्र महतो,अजीत सिंह,लक्ष्मीकांत मास्टर,स्वरुपानंद महतो,सुदामा महतो,काली कुमार, अरुण कुमार,करण कुमार,कोकिल महतो,हुलास महतो,उमेश महतो,समीर कुमार,जय प्रकाश महतो, मनोज महतो,राजू महतो,विद्यानंद महथा,अरुण महथा, देबू महतो, सुभाष महतो,अमन कुमार,अजय कुमार, राहुल कुमार, विशाल कुमार,विक्रम दशौंधी,दीपक दशौंधी,रोहित महतो,अजीत महतो,कुणाल महतो, सुजीत महतो,एतवारी महतो आदि थे।

## 6 वर्षीय नन्ही रोजेदार हाजरा ने रोजा रखा, मांगी दुआएं



तीसरा विकल्प न्यूज़ ब्यूरो

धनबाद। इस्लाम धर्म का पवित्र महीना रमजान शुरू हो चुका है। इस तपती गर्मी के बावजूद बड़ों के साथ साथ मासूम बच्चे भी रोजा रख कर भूख और प्यास को मात दे रहें हैं और अल्लाह को राजी करने की कोशिश कर रहें हैं। इस दौरान वासेपुर स्थित मदीना नगर के रहने वाले नौशाद अंसारी एवं शाहिना परवीन की 6 वर्षीय बेटी हाजरा परवीन ने रमजान का रोजा रखा, नमाज पढ़ी और सारा दिन पवित्र कुरान की तिलावत और इबादत में गुजारी। नन्ही रोजेदार हाजरा ने बताया कि अल्लाह की रजा के लिए उसने रोजा रखा और सभी की बेहतरी, सलामती और भलाई के लिए दुआएं मांगी। उसने बताया की अपने घर के बड़ों को रोजा रखता देख उसके अंदर भी रोजा रखने का जज्बा पैदा हुआ। वहीं इस बाबत हाजरा के घर वाले काफी खुश हैं और अपनी बच्ची को ढेरों दुआएं दी।

## उपायुक्त ने की मुख्यमंत्री उज्जवल झारखंड योजना की समीक्षा

तीसरा विकल्प न्यूज़ ब्यूरो



धनबाद। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री उज्जवल झारखंड योजना की समीक्षा की। इस क्रम में विद्युत अधीक्षण अभियंता एस.क़े. कश्यप ने बताया कि योजना के तहत विद्युत वितरण क्षेत्र के नवीनीकरण (आर.डी.एस.एस.) को लेकर पहले 152 गांव और टोले में विद्युत सुदृढ़ीकरण करना था। सर्वे करने के बाद अतिरिक्त 331 स्थलों को विद्युत सुदृढ़ीकरण करने के लिए शामिल किया गया है। समीक्षा के बाद उपायुक्त ने प्रत्येक स्थल का भौतिक सत्यापन करने, कार्य में तेजी लाने तथा योजना के संबंध में माननीय जनप्रतिनिधियों के सुझाव प्राप्त करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, विद्युत अधीक्षण अभियंता एस.क़े. कश्यप, मुख्यालय के कार्यपालक अभियंता प्रदीप विश्वकर्मा, भास्कर लकड़ा के अलावा निरसा, गोविंदपुर व झरिया के कार्यपालक अभियंता मौजूद थे।

## त्योहार से पहले मिलावट का रंग खोआ, पनीर व घी भी शुद्ध नहीं रंगीन मिठाइयों में मिलावट ज्यादा, खुशबू के लिए इस्तेमाल कर रहे केवड़ा जल

तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता गाजीपुर

गाजीपुर। त्योहार से पहले बाजार में मिलावट का रंग शुरू हो गया है। खान-पान के कच्चे माल से लेकर डिब्बा बंद और पैकेजिंग वाली सामग्री भी भरोसे लायक नहीं है। अभी खाद्य सुरक्षा विभाग धर पकड़ की तैयारी ठीक से नहीं कर पाया है। इसके पहले ही धंधेबाज मिलावटी खाद्य पदार्थों की बड़े पैमाने पर हेराफेरी करने में जुट गए हैं। रोडवेज से लेकर हाईवे के सभी प्रमुख अड्डों पर मिलावटी खोआ, पनीर और देशी-घी की खेप पहुंचने लगी है। सुबह नौ से 10 बजे जनजीवन बहाल होने से पहले ही यह सामग्रियां मंडियों में बिकने के लिए पहुंच जा रही है। होली में खोआ, पनीर, घी की मांग बढ़ जाती है। त्योहार के प्रसिद्ध पकवान गुझिया की दीवानगी घरों से लेकर बाजार तक देखने को मिलती है। इस जोश में होश खोए तो भारी पड़ सकता है। मुनाफाखोरी के चक्कर में धंधेबाजों को आपकी सेहत का बिल्कुल परवाह नहीं है। जानकारी के अनुसार, बाजार में खोआ की डिमांड बढ़ गई है।

# गोरखपुर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारी का किया गया सम्मान



तीसरा विकल्प न्यूज़ ब्यूरो

गोरखपुर। जन कल्याणकारी समिति के द्वारा गोरखपुर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारी का भव्य स्वागत किया गया गोरखपुर जनरलिस्ट प्रेस कब सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार अरविंद राय एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक सूचना निर्देशक प्रशांत श्रीवास्तव उपस्थित रहे समिति के पदाधिकारी द्वारा प्रेस क्लब के अध्यक्ष रितेश मिश्रा उपाध्यक्ष भूपेंद्र द्विवेदी महामंत्री पंकज श्रीवास्तव प्रेस क्लब के अन्य पदाधिकारी अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया इस मौके पर मुख्य अतिथि अरविंद राय ने अपने उद्बोधन में कहा कि पत्रकार साथी समाज में पहले बुराइयों के खिलाफ आवाज बुलंद करते हैं आपके समीप के द्वारा हमारे साथियों का सम्मान कर रहे हैं इसके लिए आपको आभार व्यक्त करें इस मौके पर नॉन निर्वाचित अध्यक्ष रितेश मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिस तरह पत्रकार लोगों के हित के लिए कार्य करते हैं इस तरह या संस्था भी लोगों उत्थान के लिए निरंतर कार्य करती है इस मौके पर हमारी कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे अध्यक्ष रितेश मिश्रा उपाध्यक्ष भूपेंद्र धर द्विवेदी मंत्री पंकज श्रीवास्तव संयुक्त मंत्री अंगद प्रजापति कोशाधयक्ष प्रिंस पांडे पुस्तकालय मंत्री विनय सिंह कार्यकारणी सदस्य राजीव पांडे, विवेक निषाद, परमात्मा राम त्रिपाठी समेत सभी प्रेस क्लब सदस्य उपस्थित रहे

## दिव्यांगो की मांगों को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन, टैक्स में छूट, दुकानों के आवंटन में आरक्षण की मांग

तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता उन्नाव

उन्नाव। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव तन्मय श्रीवास्तव ने दिव्यांगजनों के साथ नगर पालिका गेट पर धरना दिया। धरने में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन शामिल हुए। बता दे कि श्रीवास्तव ने नगर पालिका अध्यक्षा श्वेता मिश्रा को दस प्रमुख मांगों का ज्ञापन सौंपा। मांगों में दिव्यांगों को हाउस टैक्स और वॉटर टैक्स में छूट देने की मांग प्रमुख है। फेरी नीति के तहत आरक्षण के आधार पर दुकानों का आवंटन भी मांगा गया है। नगर पालिका की योजनाओं का लाभ दिव्यांगों तक पहुंचाने के लिए जिला अस्पताल में सोमवार और गुरुवार को विशेष शिविर लगाने की मांग की गई। नगर पालिका बोर्ड की बैठकों में दिव्यांगों की समस्याओं पर चर्चा के लिए दो सदस्यों को नामित करने का प्रस्ताव रखा गया। दिव्यांगजनों ने जन्म प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग की। सार्वजनिक स्थानों पर रैंप और रेलिंग की व्यवस्था की मांग भी रखी गई। शहर के चौराहों और नगर पालिका कार्यालयों में सरकारी योजनाओं की जानकारी के लिए सूचना बोर्ड लगाने की मांग की गई। श्रीवास्तव ने चेतावनी दी कि मांगें न मानी गईं तो कांग्रेस बड़े स्तर पर आंदोलन करेगी। धरने में कई दिव्यांग संगठन, कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# रोजगार मेले मे 214 अभ्यर्थियों का किया गया चयन




तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता हरदोई

हरदोई। जिला सेवायोजन कार्यालय, द्वारा आज ज्ञानदीप प्राइवेट आई.टी.आई. नेवादा टड़ियावां, हरदोई में आयोजित एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले में 16 कम्पनियों ने भाग लिया। आयोजित वृहद रोजगार मेले में मुख्य अतिथि डा. ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, प्रबन्धक ज्ञानदीप आई.टी.आई. टड़ियावां एवं रामवीर सिंह, प्रभारी जिला सेवायोजन हरदोई ने उपस्थित लगभग (523) अभ्यर्थियों को रोजगार प्राप्त करने हेतु मार्गदर्शित किया। कम्पनी के अधिकारियों ने उपस्थित अभ्यर्थियों को कम्पनी एवं उससे सम्बन्धित कार्य तथा प्राप्त वेतन व भत्ते के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया। इच्छुक अभ्यर्थियों ने आवेदन के रूप में कम्पनी द्वारा निर्धारित प्रपत्र को भरकर परीक्षा/साक्षात्कार मे भाग लिया। साक्षात्कार मे सफल 214 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया। मेले के सफल आयोजन में ज्ञानदीप आई.टी.आई. टड़ियावां एवं जिला सेवायोजन कार्यालय हरदोई के समस्त स्टॉफ ने अपना सहयोग प्रदान किया।

## रेलवे स्टेशन पर मिली शराब, जीआरपी ने किया जब्त

तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता गाजीपुर

दिलदारनगर। रेलवे स्टेशन दिलदारनगर के बाहर स्थित मोटरसाइकिल स्टैंड के सामने सोमवार की रात को स्थानीय लोगों ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को झोला लिए हुए देखा। जब लोगों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो वे झोला छोड़कर मौके से फरार हो गए। संदिग्ध झोले की जांच करने पर उसमें शराब बरामद हुई। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना जीआरपी पुलिस को दी। सूचना पाकर प्लेटफॉर्म पर ड्यूटी कर रहे जीआरपी पुलिसकर्मी अखिलेश कुमार मौके पर पहुंचे और शराब को अपने कब्जे में लेकर चौकी जीआरपी दिलदारनगर में लावारिस माल के रूप में दर्ज किया। इस संबंध में जीआरपी चौकी इंचार्ज मुन्नन लाल ने बताया कि पार्किंग में 27 लीटर शराब मिली है मामले की जांच जारी है और पहचान होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# सभी लोग आपस में मिलकर हंसी खुशी से होली का त्योहार मनाएंः अनुज कुमार मिश्रा



तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता हरदोई

हरदोई। शाहाबाद में 14 मार्च को होली और जुम्मा एक साथ होने के मद्देनजर पीस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक कोतवाली शाहाबाद में उपजिलाधिकारी (न्यायिक) गरिमा सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई।पुलिस उपाधीक्षक अनुज कुमार मिश्र ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि हुड़दंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।सभी लोग आपस में मिलकर हँसी खुशी से होली का त्योहार मनाएं। पीस कमेटी की बैठक में शांतिपूर्ण ढंग से होली का पर्व मनाने की अपील की गई। इस दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के मसले पर भी चर्चा की गई। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि होली के अवसर पर आपसी भाईचारा कायम रखा जाए। किसी ने भी अराजकता की, तो सख्त कार्रवाई होगी।पुलिस अपने-अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमण करेगी।कहा कि सभी थानों में टीमें गठित की गई हैं, जो मौके पर जाकर विवाद का निस्तारण करेंगी। सभी एसओ व चौकी इंचार्ज भी अपने-अपने क्षेत्र में गश्त करेंगे।इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय, सुभाष रस्तोगी, जामा मस्जिद के इमाम मकसूद खां, होली महोत्सव समिति के अध्यक्ष शिव कांत गुप्ता, महामंत्री जय नाथ तिवारी, राम सेवक रस्तोगी, इरफान, ग्रा प ए अध्यक्ष अम्बरीष कुमार सक्सेना सहित अनेक सभ्रांत जन उपस्थित रहे।

## एबीवीपी कार्यकर्ताओ ने डीएम को सौंपा 18 सूत्रीय मांग पत्र

तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता गाजीपुर

गाजीपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को जिले भर में व्याप्त शैक्षणिक एवं सामाजिक समस्या से संबंधित 18 सूत्री मांग पत्र सौपा। एबीवीपी उस मांग पत्र को प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री को भी प्रेषित किया। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता जिला में भ्रमण के दौरान वर्तमान में चल रहे उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड 2025 के परीक्षा के दौरान कई कमियां पाई गई। सीसीटीवी नही चल रहा है,नकल कराया जा रहा है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बृजेश सिंह ने कहा की वर्तमान में जिले में अधिक संख्या में बिना रजिस्ट्रेशन एवम मानक के कोचिंग संस्थान चलाए जा रहे है।

# बजट के विरोध में आल इंडिया स्कीम वर्कर्स फेडरेशन ने निकाला जुलूस



**रायबरेली।** आल इंडिया सेंट्रल कार्उसिल ऑफ ट्रेड यूनियंस (ऐक्टू) के बजट के विरुद्ध प्रतिवाद के राज्य व्यापी आह्वान के तहत रायबरेली में भी आल इंडिया स्कीम वर्कर्स फेडरेशन ने जुलूस निकाल कर जोरदार प्रदर्शन किया। हाथो मे बजट 2025 धोखा है के प्ले काड्र्स और बैनर लेकर बजट में स्कीम वर्कर्स की अनदेखी संविदा और आउट सोर्सिग कर्मचारियों को नियमित करने की इच्छा शक्ति दिखाने के बजाय न्यूनतम वेतन की सीमा रेखा खींच कर गुमराह करने असंगठित क्षेत्र के कामगारों की कोई चिंता नहीं करने का आरोप लगाया। जिलाधिकारी कार्यालय पर सभा की गई,जिन्हे संबोधित करते हुए मिड डे मील वर्कर्स यूनियन की जिला सचिव विद्या देवी ने कहा कि बजट में मिड डे मील वर्कर्स, आशा, आंगनवाडी वर्कर्स सहित सभी स्कीम वर्कर्स के लिए कुछ भी नही है। आशा, रसोइया, आंगनवाड़ी के लिए 2013 में भारतीय श्रम सम्मेलन में की गई स्थाईकरण, न्यूनतम वेतन, ईएसआई, ईपीएफ और ग्रेड्टी, मातृत्व अवकाश की सिफारिस को लागू करने की वर्षो से उठ रही मांग को अनसुना कर दिया गया है। आशा वर्कर्स यूनियन की जिला उपाध्यक्ष राधा राजपूत ने कहा कि सरकार वर्ष 2021 से आशा कर्मियों को दिए जाने वाले भुगतान पर लगातार सदन में झूठ बोल रही है। सरकार ने 2021 के मुख्यमंत्री जी के बयान को फिर दोहराया कि आशा वर्कर्स को 6750 का मासिक भुगतान किया जाता है जबकि जमीनी हकीकत यह है कि आशा कर्मियों को मात्र 2000 रू और राज्य वित्त से 1500 रू का ही भुगतान होता है। उन्होंने कहा कि आशा कर्मियों की प्रोत्साहन राशियों में किए 1.5 लाख करोड़ के घोटाले की जांच उसकी वसूली और आशा कर्मियों को भुगतान करने के सवाल पर 2 फरवरी 2024 को हुए समझौते पर मिशन निदेशालय और सरकार ने चुप्पी साध ली है। जबकि विगत 10 फरवरी को। स्वास्थ्य मंत्री के निजी सचिव ने स्वास्थ्य मंत्री के आधार पर वार्ता के लिए गए प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया था कि उसका अधिकांश भाग बजट के बाद भुगतान हो जायेगा। किंतु बजट में आशा वर्कर्स का नाम तक नहीं लिया गया। ऐक्टू जिला सचिव राम गोपाल ने कहा कि असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए यह बजट सबसे बड़ा धोखा है। घरेलू कामगार महिलाएं, निर्माण मजदूर ,निजी प्रतिष्ठानों में काम करने वाले श्रमिको की सामाजिक सुरक्षा के मामले में सरकार ने कुछ भी नही किया।

## गौ माता में विराजमान रहते है सभी देवी देवता -शैलेन्द्र पहलवान



**मथुरा।** राष्ट्रीय गौरक्षक सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेन्द्र पहलवान ने कहा कि, गौ सेवा करना चाहते है तो आज के पावन दिन गौ सेवा करने से सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है। पूर्वजों के कष्ट कटते है। गौ सेवा करने से चाहे पुत्र की प्राप्ति की मनोकामना हो या पुत्र की लम्बी आयु की मनोकामना हो पूर्ण होती है। जो गत 15 वर्षो से गौ सेवा में समर्पित है। शैलेंद्र पहलवान ने कहा कि, यदि आप अपने घर में किसी जन्मदिन या किसी पूर्वजो के निमित्त गौ सेवा करना चाहते है, श्री कृष्ण की नगरी से राष्ट्रीय गौ रक्षक सेना भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष लगातार गौ माता की रक्षा के लिए अपनी आवाज बुलंद करते रहे है। अपनी गौ माता के प्रति सच्ची निष्ठा दिखाते हुए खुद गौ माता की प्रतिदिन सेवा करते हुए कही भी कोई गाय भूखी या विमार दिखती है तो उसकी तत्काल सेवा कराने का प्रयास करते रहे है। राष्ट्रीय गौ रक्षक सेना भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौपुत्र शैलेन्द्र पहलवान ने कहा कि, गौ माता में सभी देवी देवता विराजमान है। इतिहास साक्षी है, भगवान श्री कृष्ण ने गौ माता की सेवा की थी। लंबे समय से गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए आंदोलन चलाया जा रहा हैं। गौ माता को राजमाता का दर्जा देने की बात ऐसे दौर में सामने आई है। जब आए दिन गौकशी और गौ तस्करी के मामले समाने आते हैं। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्य नाथ योगी से हाथ जोड़कर निवेदन है कि, गौ माता को राष्ट्र माता घोषित कराया जाए। भारत में गाय को माता का दर्जा दिया जाता हैं और हिन्दू धर्म में उसकी पूजा का विधान हैं। इसके अलावा उसके दूध मूत्र और गोबर को पवित्र माना जाता हैं। गाय का दूध मानव शरीर के लिए काफी लाभकारी हैं। वहीं गौ मूत्र से कई बीमारियों को ठीक करने का दावा किया। उन्होंने कहा कि, योगी जी भी एक गौ रक्षक हैं। गौ रक्षकों का दर्द समझते हैं। गौ माता के मूत्र से अनेक बीमारियां जड़ से खत्म हो जाती हैं। श्री कृष्ण भगवान जान से ज्यादा गौ माता को प्यार करते है।



# 'डिप्लोमैट' की रिलीज से पहले जॉन ने मांगी माफी, बोले- हां, गुस्से में गलती हो गई थी

फिल्म अभिनेता जॉन अब्राहम को अपनी फिल्मों के ट्रेलर रिलीज या दूसरे सार्वजनिक कार्यक्रमों में जाना अच्छा नहीं लगता। अपनी नई फिल्म 'द डिप्लोमैट' के लिए भी वह पत्रकारों से अलग-अलग ही मिल रहे हैं, फिल्म के निर्देशक शिवम नायर के साथ इस फिल्म की खासियतों के बारे में भी बता रहे हैं। 'अमर उजाला' से बातचीत के दौरान उन्होंने इस फिल्म के अलावा बीते साल रिलीज हुई फिल्म 'वेदा' के ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम में हुए हादसे के बारे में भी बात की और पहली बार कैमरे के सामने माना कि इसमें गलती उनकी ही थी। ये बातचीत 'अमर उजाला' के खास कार्यक्रम 'शुक्ल पक्ष' के लिए रिकॉर्ड हुई है और जल्द ही 'अमर उजाला' के यूट्यूब चौनल व फेसबुक पेज पर प्रकाशित की जाएगी।

पहली बार शिवम नायर से मिले

पाकिस्तान में तैनात रहे भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी जे पी सिंह के जीवन पर बनी फिल्म 'द डिप्लोमैट' की शूटिंग बीते साल ही खत्म हो गई थी। लेकिन, जॉन बताते हैं, 卐फिल्म के निर्देशक शिवम नायर को हर सीन को करीने से एडिट करने और उसमें कहीं बी कोई खामी न रहने देने का जुनून सा रहता है। वह फिल्म को शूट करने के बाद एडिट टेबल पर भी काफी करीने से संवारते हैं और उनके इसी जुनून को देखकर मुझे उनके साथ काम करना बहुत अच्छा लगा। इस फिल्म के लिए ही मैं और शिवम पहली बार मिले।卐

सौरभ सचदेवा से लिया प्रशिक्षण

शिवम नायर की गिनती हिंदी सिनेमा के उन काबिल निर्देशकों में होती रही है, जिन्होंने कभी अपने काम का प्रचार-प्रसार नहीं किया। हिंदी में बनी सबसे अच्छी पांच वेब सीरीज में शामिल रही जासूसी सीरीज 'स्पेशल ऑप्स' में उनका काम पहली बार दुनिया भर के दर्शकों ने देखा। इस सीरीज के उन सारे दृश्यों का, जो भारत में शूट किए गए हैं, उनका निर्देशन शिवम ने ही किया है। जॉन कहते हैं, 卐फिल्म की कहानी जब मेरे पास आई और जब मैं फिल्म के निर्देशक शिवम नायर से मिला तो उनकी तैयारी देख मैं काफी प्रभावित हुआ। इसके बाद शिवम के साथ मैंने कई बार इसकी पूरी स्क्रिप्ट पढ़ी और शूटिंग शुरू होने से पहले एक्टिंग कोच सौरभ सचदेवा के साथ इस किरदार की बारीकियां भी समझी हैं।卐

गलतियों से सीखना ही बड़े होने की निशानी

ये पूछे जाने पर कि पचास साल की उम्र पार होने के बाद अमूमन इंसान का गुस्सा कम होने लगता है, तो क्या जॉन भी अपने भीतर ये बदलाव महसूस करते हैं। जॉन कहते हैं, 卐हां, मैं अब उतना गुस्सा नहीं करता। अपनी बात कहने में मैं अब भी पीछे नहीं रहता, लेकिन अब मैं अपने उत्तरों को डिप्लोमैटिक तरीके से पेश करना सीख गया हूं। पहले मैं जो कुछ भी मन में आता था, कह देता था, लेकिन मुझे लगता है गलतियों से सबक लेना ही किसी इंसान के प्रौढ़ होने की निशानी है।卐

मैं अपनी गलती के लिए क्षमा मांगता हूं!

और, ऐसी ही गलती उनसे बीते साल फिल्म 'वेदा' के ट्रेलर रिलीज कार्यक्रम में एक पत्रकार के सवाल के जवाब में अपशब्द कहने की हुई? जॉन शायद इस सवाल के लिए तैयार नहीं थे। लेकिन, बात की संजीदगी को समझते हुए उन्होंने स्वीकार किया कि हां उनसे गलती हुई। जॉन कहते हैं, 卐मुझे इस तरह से अपनी प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए थी। वह 'बेचारा' तो अपना काम ही कर रहा था। मुझे अपनी गलती का एहसास हुआ और मैं इसके लिए माफी मांगता हूं। मैं आमतौर पर ऐसे कार्यक्रमों में जाना टालता ही हूं। तब भी मैंने कहा था कि मुझे मत बुलाओ, अब देखिए ना, मैंने खुद ही अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली थी।卐 फिल्म 'द डिप्लोमैट' 14 मार्च को रिलीज हो रही है।




एकता कपूर के शो नागिन 7 को लेकर काफी बज है. एकता ने अभी तक 6 सुपरहिट सीजन दिए हैं. अब वो नया सीजन लेकर आ रही हैं. शो की उन्होंने ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर दी है. उसी के बाद से शो चर्चा में है. कौन शो में लीड रोल प्ले करेगा इसे लेकर बहुत बज है. कई एक्ट्रेसेस जैसे प्रियंका चौधरी, ईशा मालवीय, रुबीना दिलैक, दिशा परमार के नाम सामने आए. हालांकि, अब नई खबरें हैं कि शो में बालिका वधू फेम एक्ट्रेस अविका गौर लीड रोल निभाने वाली हैं. अविका गौर ने किया रिएक्ट रिपोर्ट्स हैं कि अविका गौर टीवी पर वापसी करने जा रही हैं. वो एकता के नागिन 7 में दिखेंगी. जब ये खबरें सोशल मीडिया पर फैली तो एक्ट्रेस ने इन पर रिएक्ट किया और इन खबरों को झूठा करार दे दिया. उन्होंने इंस्टा स्टोरी पर पोस्ट कर लिखा- ऐसा है? मुझे इसके बारे में क्यों नहीं पता? बता दें कि इससे पहले एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी को लेकर जब खबरें आईं थीं तो एक्ट्रेस ने उन खबरों को नकार दिया था. उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा- अफवाहें? मैंने ये खबरें देखी. एक्साइटमेंट? झूठ नहीं बोलूंगी. मैंने एंजॉय किया. लेकिन सच कहूं तो मैं नागिन नहीं बन रही हूं. एकता कपूर की सुपरहिट नागिन एकता के नागिन की बाद करें तो पहले सीजन में मौनी रॉय ने लीड रोल प्ले किया था. उनको शो में इतना पसंद किया गया कि दूसरे सीजन में भी वो ही लीड रोल में दिखीं. इसके बाद के सीजन में सुरभि ज्योति, सुरभि चंदना, अनिता हसनंदानी, रश्मि देसाई, जैस्मिन भसीन, तेजस्वी प्रकाश, करिश्मा तन्ना, हिना खान, अदा खान जैसी एक्ट्रेसेस नागिन बन चुकी हैं. अब देखना मजेदार होगा कि कौन एक्ट्रेस शो में लीड रोल निभाएंगी.

उसी के बाद से शो चर्चा में है. कौन शो में लीड रोल प्ले करेगा इसे लेकर बहुत बज है. कई एक्ट्रेसेस जैसे प्रियंका चौधरी, ईशा मालवीय, रुबीना दिलैक, दिशा परमार के नाम सामने आए. हालांकि, अब नई खबरें हैं कि शो में बालिका वधू फेम एक्ट्रेस अविका गौर लीड रोल निभाने वाली हैं. अविका गौर ने किया रिएक्ट रिपोर्ट्स हैं कि अविका गौर टीवी पर वापसी करने जा रही हैं. वो एकता के नागिन 7 में दिखेंगी. जब ये खबरें सोशल मीडिया पर फैली तो एक्ट्रेस ने इन पर रिएक्ट किया और इन खबरों को झूठा करार दे दिया. उन्होंने इंस्टा स्टोरी पर पोस्ट कर लिखा- ऐसा है? मुझे इसके बारे में क्यों नहीं पता? बता दें कि इससे पहले एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी को लेकर जब खबरें आईं थीं तो एक्ट्रेस ने उन खबरों को नकार दिया था. उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा- अफवाहें? मैंने ये खबरें देखी. एक्साइटमेंट? झूठ नहीं बोलूंगी. मैंने एंजॉय किया. लेकिन सच कहूं तो मैं नागिन नहीं बन रही हूं. एकता कपूर की सुपरहिट नागिन एकता के नागिन की बाद करें तो पहले सीजन में मौनी रॉय ने लीड रोल प्ले किया था. उनको शो में इतना पसंद किया गया कि दूसरे सीजन में भी वो ही लीड रोल में दिखीं. इसके बाद के सीजन में सुरभि ज्योति, सुरभि चंदना, अनिता हसनंदानी, रश्मि देसाई, जैस्मिन भसीन, तेजस्वी प्रकाश, करिश्मा तन्ना, हिना खान, अदा खान जैसी एक्ट्रेसेस नागिन बन चुकी हैं. अब देखना मजेदार होगा कि कौन एक्ट्रेस शो में लीड रोल निभाएंगी.

# धर्म कांटा सेटिंग करने के दौरान लोहे की भारी भरकम प्लेट गिरने से मजदूर की मौत





**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

सरोजनीनगर। सरोजनीनगर में मंगलवार शाम एक निर्माणाधीन प्राइवेट कम्पनी में धर्म कांटा सेटिंग करने के दौरान लोहे की भारी भरकम प्लेट गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक सरोजनीनगर के दरोगा खेड़ा में रनियापुर रोड पर यूपीएसआईएफएस के बगल एक प्राइवेट कंपनी में मंगलवार को भूमिगत धर्म कांटे की सेटिंग की जा रही थी। तभी शाम करीब साढ़े चार बजे लगभग 3 फीट की ऊंचाई से लोहे की भारी भरकम मोटी प्लेट अचानक नीचे गिर गई। जिससे उसके नीचे दबकर वहां काम कर रहा बिहार प्रान्त के सहरसा का रहने वाला मजदूर शईद (21) बुरी तरह घायल हो गया। अन्य मजदूरों की मदद से उसे आनन फानन सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के बड़े भाई रकीमुद्दीन का कहना है कि वह अपने भाई शादाब और शईद के साथ पिछले दो माह से यहां रहकर काम कर रहे हैं। शईद उक्त निर्माणाधीन कंपनी में, जबकि वह और शादाब वहां से करीब ढाई सौ मीटर दूर दूसरी जगह मजदूरी कर रहे थे। लेकिन शाम करीब 5 बजे बजे जब इसकी जानकारी मिली तो वह भाग कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा। उसने बताया कि लखीमपुर निवासी ठेकेदार शादाब के अंडर में शईद पिछले दो माह से यहां काम कर रहा था। सरोजनीनगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। उनसे तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

